हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08
अदिवी शेष की पैन- इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 से जुड़ीं वामिका गब्बी पहली झलक आई सामने



www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 13 फरवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 350, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## निवेश की संभावना तलाशने जापान से यूपी आएंगे करीब 250 सीईओ



**एजेंसी, लखनऊ।** जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को-ओसादा ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। सीएम योगी व यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को ओसादा के मध्य उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं समेत चार बिंदुओं को लेकर चर्चा हुई। को-ओसादा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावना तलाशने जापान से करीब 250 सीईओ उत्तर प्रदेश आएंगे। सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सुशासन के बलबूते आर्थिक प्रगति पर तेजी से बढ़ रहे उत्तर प्रदेश में जापान का प्रतिनिधिमंडल निवेश की संभावनाओं को देखेगा। इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार में भी काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। सीएम व उप राज्यपाल के मध्य हुई वार्ता में ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर उत्तर प्रदेश व यामानासी प्रीफेक्चर के मध्य समझौता होगा और यहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा।

## मुंबई में जीबीएस से पहली मौत, बीएमसी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया

**एजेंसी, मुंबई।** गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से मुंबई में पहली मौत हुई है। नायर अस्पताल में 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत होने के बाद मुंबई नगर निगम के आयुक्त भूषण गगरानी ने शहर के सभी बीएमसी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। मुंबई नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अंधेरी निवासी 53 वर्षीय व्यक्ति को 23 जनवरी को नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, इसलिए मरीज को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया था। मंगलवार को देर रात उनकी मौत हो गई। नायर अस्पताल में पालघर की एक 16 वर्षीय जीबीएस से पीड़ित एक लड़की का इलाज चल रहा है। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न अस्पतालों में जीबीएस से पीड़ित कुल 197 मरीजों का इलाज जारी है। इनमें 50 का गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में और 20 का वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। सूबे में अब तक 104 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम मांसपेशियों की कमजोरी पैदा करने वाली पोलीन्यूरोपैथी का एक रूप है, जो आमतौर पर कुछ दिनों से लेकर आने वाले हफ्तों में बदतर हो जाता है।इसके बाद धीरे-धीरे सुधार होता है या अपने आप सामान्य हो जाता है। उपचार से लोगों में अधिक तेज़ी से सुधार हो सकता है।

## मस्क बोले- ऐसे तो दिवालिया हो जाएगा अमेरिका, टेंशन में आ गए ट्रंप



**एजेंसी, वॉशिंगटन ।** अरबपति एलन मस्क ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने अपने बजट में कमी नहीं की तो देश दिवालिया हो सकता है। ट्रंप की नई सरकार द्वारा बनाई गई एजेंसी डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) के मुखिया ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही है। जाहिर है मस्क की इस चेतावनी से से ट्रंप की टेंशन बढ़ने वाली है। फिलहाल ट्रंप प्रशासन और अमेरिकी अदालतों के बीच इस मुद्दे पर सीधा टकराव देखने को मिल रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ट्रंप और मस्क की कटौती की योजनाएं कानूनी चुनौतियों को पार कर पाएंगी या फिर इन्हें अदालतों से झटका लगेगा इससे ट्रंप की टेंशन बढ़ गई है। मस्क ने खासतौर पर देश के बढ़ते बजट घाटे पर चिंता जताई, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 1.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि संघीय खर्चों में कमी अब कोई विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। लेकिन ट्रंप प्रशासन की ये सख्त वित्तीय नीतियां कानूनी विवादों में फंसती जा रही हैं। ट्रंप ने हाल के हफ्तों में कई कार्यकारी आदेश जारी किए हैं।

# महाकुम्भ में माघी पूर्णिमा स्नान के लिए उमड़ा आस्था का जनसमुद्र

एजेंसी, महाकुम्भ नगर



महाकुम्भ के पावन स्नान पर्व माघ पूर्णिमा के लिए देश विदेश के श्रद्धालु मंगलवार की रात से ही महाकुम्भ नगर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं के इतने बड़े जनसमुद्र के संगम तक पहुंचने और पवित्र स्नान के बाद उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) पर जरूरी संदेश दिए जाने लगे। जिससे श्रद्धालुओं को स्नान में बड़ी सहूलियत हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर महाकुम्भ नगर प्रशासन ने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक इंतजाम किए थे, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके अलावा स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताकर शीघ्र गंतव्य की ओर बढ़ने की लोगों से बराबर अपील भी की जाती रही। जिससे श्रद्धालुओं को माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए बड़ी सुविधा मिली। घाटों पर रात से ही दी जाने लगी लगातार महत्वपूर्ण सूचनाएं, दिशा-निर्देश गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। माघी पूर्णिमा का पुण्यकाल 11 फरवरी की शाम 6:55 बजे से शुरू होकर 12 फरवरी की शाम 7:22 बजे तक है। इस महाआयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मेला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए। घाटों पर भीड़ नियंत्रण से लेकर डिजिटल सूचना प्रणाली से श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं प्रेषित की जाती रहीं। मेला प्रशासन ने जगह जगह बड़े-बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले लगाकर श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताएं और शीघ्र अपने गंतव्य की ओर बढ़ें। इससे भीड़ नियंत्रण में काफी मदद मिली और सभी को सुगमता से स्नान का लाभ हुआ। वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले पर मंगलवार की रात से ही लगातार महत्वपूर्ण सूचनाएं, दिशा-निर्देश और सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्रदर्शित किए जाते रहे।

## पीएम मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। मुंबई पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने कंट्रोल रूम में कॉल कर पीएम मोदी की आधिकारिक विदेश यात्रा के दौरान हमले की चेतावनी दी थी।

मुंबई पुलिस के हवाले से बताया गया, कि 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आया जिसमें चेतावनी देते हुए कहा गया, कि चूंकि प्रधानमंत्री मोदी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं ऐसे में उनके विमान पर आतंकवादी हमला कर सकते हैं। इस धमकीभरे संदेश के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले शख्स को मुंबई के चेंबूर इलाके से हिरासत में ले लिया है। जांच में पता चला है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस ने कहा कि इस कॉल के बाद सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया और मामले की गहन जांच जारी है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जबकि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा को लेकर मुंबई पुलिस को इस तरह की धमकी मिली हो। पिछले साल दिसंबर में ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन पर एक धमकी भरा संदेश मिला था, जिसमें दो संदिग्ध आईएसआई एजेंटों द्वारा बम विस्फोट की साजिश का दावा किया गया था। इसके अलावा, पिछले साल कांदिवली निवासी 34 वर्षीय शीतल चव्हाण को पीएम मोदी की जान को खतरा बताने वाली फर्जी कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार से अपनी चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर फ्रांस और अमेरिका गए हुए हैं। उनकी दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा बुधवार से शुरू हो रही है। इस दौरान वह कई महत्वपूर्ण बैठकों और समझौतों पर चर्चा करेंगे।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत फिर कांग्रेस में हुए शामिल

एजेंसी, कोलकाता



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद कांग्रेस में वापसी कर ली है। बुधवार को उन्होंने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में कांग्रेस का झंडा थामा। अभिजीत ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ संघर्ष के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। अभिजीत मुखर्जी 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास जिम्मेदारी नहीं मिली। पार्टी ने उन्हें न तो लोकसभा का टिकट दिया और न ही विधानसभा चुनाव में उतारा। पिछले कुछ महीनों से वह तृणमूल में अपनी भूमिका को लेकर असंतोष जता रहे थे। आखिरकार उन्होंने फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उन्हें टिकट दे सकती है।

## योगी का विरोधियों को जबाव, जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने में जुटे

एजेंसी, लखनऊ



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पंडित उपाध्याय जी की अंत्योदय की सोच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी तरह से साकार हो रही है। सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर भी करारा प्रहार किया। योगी ने कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने में जुटे हैं। पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद कर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण और विकास पंडित उपाध्याय जी का सपना था। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार उपाध्याय जी के सपनों को पूरा करने के लिए जी-जान से जुटी है। पंडित उपाध्याय का यह मत था कि किसी भी देश की प्रगति का मापदंड ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति की समृद्धि से नहीं बल्कि सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर से होना चाहिए। उनकी इसी सोच को केंद्र में रखकर प्रधानमंत्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा दिया। सीएम योगी ने कहा कि बीती सरकारों ने गरीबी हटाने के बड़े-बड़े नारे दिए, लेकिन गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती रही। वहीं, मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि अब तक 4 करोड़ गरीबों को मकान मिले हैं, 12 करोड़ शौचालय बने हैं, 10 करोड़ लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। ये सभी योजनाएं अंत्योदय के मंत्र को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है।

### नेपाल-भारत के बीच ट्रांसमिशन लाइन पर सहमति

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल और भारत के ऊर्जा सचिवों की बैठक के बाद नेपाल में बड़ी ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण कार्य के समझौते के अंतिम ड्राफ्ट पर सहमति हो गई। नई दिल्ली में मंगलवार को संपन्न दो दिवसीय ऊर्जा सचिव स्तरीय बैठक में काठमांडू में हुई सह सचिव स्तरीय वार्ता बैठक के प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया है। अब जल्द ही ऊर्जा मंत्री स्तरीय बैठक या प्रधानमंत्री स्तरीय वार्ता में इस समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। बैठक में हिस्सा लेने वाले नेपाल विद्युत प्राधिकरण के महानिदेशक कुलमान गुरूंग ने बताया कि नेपाल और भारत के बीच हुए 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात के समझौते को साकार करने के लिए उच्च क्षमता वाली प्रसारण लाइन का निर्माण कार्य संपन्न होना सबसे पहली शर्त थी।

## लंदन, बैंकॉक जाने से महंगा हुआ महाकुंभ जाना, आसमान पर पहुंचा हवाई किराया

एजेंसी, नई दिल्ली



महाकुंभ में बढ़ती भीड़ और लोगों की जरुरत के चलते कंपनिया इसका फायदा उठा रही हैं। खासतौर से एयरलाइंस कंपनियां कुछ ज्यादा ही इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। यही वजह है कि लंदन, बैंकॉक जाने से भी ज्यादा महंगा महाकुंभ जाना हो गया है। मौजूदा समय में दिल्ली से प्रयागराज के लिए हवाई किराया 80,000 रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लंदन की एकतरफा टिकट मात्र 3100 रुपये में मिल रही है। सामान्य दिनों में दिल्ली से प्रयागराज का हवाई किराया केवल 3,000 से 5,000 रुपये के बीच होता है। दिल्ली ही नहीं मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे अन्य प्रमुख शहरों से भी प्रयागराज जाने वाली उड़ानों के किराए में भारी उछाल देखा गया है। इन शहरों से प्रयागराज के लिए टिकट की कीमतें मुख्य स्नान पर्वों के दौरान 18,000 रुपये से 41,106 रुपये तक पहुंच गई हैं। चेन्नई से प्रयागराज की एकतरफा टिकट की कीमत हाल ही में 70,996 रुपये तक दर्ज की गई थी। दिल्ली से प्रयागराज की हवाई यात्रा अब अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से भी महंगी हो गई है।

लंदन और बैंकॉक की एकतरफा फ्लाइट टिकट की तुलना में दिल्ली से प्रयागराज की टिकट ज्यादा महंगी हो गई है। महाकुंभ के प्रमुख स्नान पर्वों जैसे मौनी अमावस्या (29 जनवरी), बसंत पंचमी (3 फरवरी), माघी पूर्णिमा (12 फरवरी) और महाशिवरात्रि (26 फरवरी) के दौरान हवाई किराए में अप्रत्याशित बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, 31 जनवरी को दिल्ली से प्रयागराज की एकतरफा टिकट का किराया 33,590 रुपये था, जबकि सामान्य किराया मात्र 5,000 रुपये होता है।

## 'परीक्षा पे चर्चा' के दूसरे एपिसोड में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का छात्रों से संवाद

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय छात्रों के लिए कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का दूसरा एपिसोड आज यानी 12 फरवरी को सुबह प्रसारित किया गया। इस विशेष एपिसोड में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने मेंटल हेल्थ और छात्र कल्याण के महत्व को बातया। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने 10 फरवरी को दिल्ली के सुंदर नर्सरी में आयोजित इस कार्यक्रम में मेंटल हेल्थ पर छात्रों से संवाद किया था। इस कार्यक्रम में एक विशेष शिक्षिका के तौर पर दीपिका ने छात्रों को मेहनत के साथ-साथ आराम करने की भी सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मेंटल और फिजिकल हेल्थ को संतुलित रखना सफलता की कुंजी है। पीएम मोदी ने भी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस एपिसोड की जानकारी साझा करते हुए कहा कि मेंटल हेल्थ परीक्षा वॉरियर्स के बीच सबसे महत्वपूर्ण विषयों में से एक है और इस वर्ष इसे खास स्थान दिया गया है। इस साल के परीक्षा पे चर्चा में कई मशहूर हस्तियां छात्रों को प्रेरित करने के लिए शामिल हुई हैं। इनके जरिए कई क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के सुझाव दिए जाएंगे। इस सूची में सद्गुरु, मैरी कॉम, अवनी लेखरा, रुजुता दिवेकर, सोनाली सभरवाल, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर, टेक्निकल गुरुजी और राधिका गुप्ता जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ अपने अनुभव और ज्ञान के आधार पर छात्रों को सफलता हासिल करने और तनाव को कम करने के बेहतरीन उपाय साझा करेंगे।



## राममंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन, पीएम सहित कई दिग्गजों ने दुख जताया

एजेंसी, अयोध्या



श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर आते ही लोगों का मन दुखी हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई दिग्गज नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा सांसद रवि किशन ने भी एक्स पर लिखा कि श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येंद्र दास जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। लखनऊ के पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था। पीजीआई से थोड़ी देर में अयोध्या के लिए उनका पार्थिव शरीर ले जाया जाएगा। 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से इसकी घोषणा कर दी गई है। यह ट्रस्ट के लिए और अयोध्या वासियों के लिए भी गहरा धक्का है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास साल 1993 से रामलला के सेवा में तैनात थे। राम मंदिर ट्रस्ट ने सत्येंद्र दास के निधन पर गहरा शोक जताया है। उनके निधन से रामनगरी के मठ मंदिरों में भी शोक की लहर है। बीते दिनों ब्रेन हेमरेज होने के बाद पीजीआई में उन्हें भर्ती कराया गया था।2 फरवरी को स्ट्रोक के चलते सत्येंद्र दास को अयोध्या के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें पहले ट्रामा सेंटर और फिर लखनऊ एसजीपीजीआई रेफर किया गया था। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, वह डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों से भी घिरे हुए थे।

# संत रविदास ने जातिवाद, भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई एवं समाज को समानता और भाईचारे का संदेश दिया:मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

» मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संत शिरोमणि रविदास की जयंती में विकास मित्रों के क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम में शामिल हुए



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित विकास मित्रों के क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि रविदास जी एवं भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी ने जातिवाद, भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई एवं समाज को समानता और भाईचारे का संदेश दिया। संत रविदास जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को भी इस अवसर पर नमन करता हूं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को भी हमलोगों को याद रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से हमने समाज के सभी वर्गों वो चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, सामान्य वर्ग हों या पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों या महादलित हों सबके हित के लिए काम किया। वंचित वर्ग के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम एवं योजनायें चलायी गयीं। महादलित वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए वर्ष 2009 में बिहार महादलित विकास मिशन की स्थापना की गई, जिससे महादलित वर्ग के लोगों को काफी लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में विकास मित्रों के मानदेय को 13 हजार 700 रूपये से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया गया और प्रति वर्ष उसमें 5 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। वर्ष 2018 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक एवं युवतियों के रोजगार को लेकर 'उद्यमी योजना' की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है जिसमें 5 लाख रुपये का अनुदान एवं 5 लाख रुपया ब्याज मुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ग के युवक एवं युवतियों को 'सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना' का लाभ मिल रहा है। युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' की शुरुआत की गई है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचिज जनजाति वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए और जो भी आवश्यकताएं होंगी उसे पूरा किया जाएगा। समाज के सभी तबके एवं सभी क्षेत्रों के उत्थान के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। हमलोगों के सरकार में आने के पहले क्या स्थिति थी, सभी लोग जानते हैं। शाम के वक्त लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। अब लोग देर रात तक घूम फिर रहे हैं और अपना कारोबार कर रहे हैं। अभी हम यात्रा में सभी जगह घूमकर लोगों से मिल रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें किस प्रकार मिल रहा है इसके बारे में भी बातचीत कर रहे हैं। हमने अधिकारियों से कहा है कि जो भी समस्याएं लोग बताते हैं उसका त्वरित समाधान करें। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए हमलोग काम कर रहे हैं। हमलोग वर्ष 2005 से एक साथ मिलकर राज्य का विकास कर रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की तरफ से भी राज्य के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है। गरीब तबके के उत्थान के लिए जो भी जरूरतें होंगी उसपर काम करेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। आज के इस अवसर पर संत शिरोमणि रविदास जी को नमन करता हूं। आप सबका अभिनंदन करता हूं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को विकास मित्र श्री बिट्टू कुमार एवं सुश्री रजनी कुमारी ने प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री जनक राम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री देवेश सेहरा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर लघु जल संसाधन सह आपदा प्रबंधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री रत्नेश सादा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबड़े, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के निदेशक श्री श्याम बिहारी मीणा, बिहार महादलित विकास मिशन के निदेशक श्री गौतम पासवान, पटना के जिलाधिकारी डॉ० चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में विकास मित्र उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने शब-ए-बरात के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शब-ए-बरात के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शब-ए-बरात का त्योहार पवित्र है। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं। शब-ए-बरात की रात मॉगी गयी दुआयें खुदा कबूल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुबारक रात पर हम सब खुदा से दुआ करें कि हम सबके बीच प्रेम, सद्भाव बढ़े और हम सभी के सम्मिलित प्रयास से बिहार निरंतर प्रगति की ऊँचाई पर बढ़ता रहे।

### दानापुर के कई समाज सेवियों ने जद(यू0) का थामा दामन

**पटना।** बिहार जनता दल (यू0) प्रदेश कार्यालय, पटना में माननीय विधानपार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' ने दानापुर विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले समाजसेवी श्री अरविंद कुमार, श्री मुकेश कुमार, श्री रोहित आनंद, श्री धनंजय कुमार सहित कई समाज सेवियों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। साथ ही सभी को नए राजनीतिक सफर के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन प्रसाद, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री अनिल हेगड़े पटना महानगर जिलाध्यक्ष श्री आसिफ कमाल, प्रदेश महासचिव श्री विनोद कुमार सिंह, दानापुर प्रखंड अध्यक्ष श्री मनोज कुमार मौजूद रहे।

### भाजपा: होली से पहले तैयार होगी जिला व मंडल कमेटियां

**फतुहा।** बिहार भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियां पुनः तेज हो गई है। बिहार में भाजपा के 52 में से संगठन 6 संगठनात्मक जिलों और कई मंडलों में अध्यक्ष ,जबकि सभी बूथों पर 12 सदस्यीय कमेटी का गठन होना शेष है। इसके साथ ही जिला में मंडल कमेटियों की गठन किए जाने कि प्रक्रिया चल रही है। संभावना है की होली से पहले जिलों की नई कमेटी घोषित कर दी जाएगी। बताया जाता है कि 15 फरवरी से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन होना तय है। इसको देखते हुए 13 या 14 फरवरी को प्रदेश परिषद की बैठक संभावित है। छह संगठन जिलों में अध्यक्ष का निर्वाचन बाकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 52 संगठनात्मक जिलों में 46 जिलों में अध्यक्ष का निर्वाचन पुरा कर लिया गया है। मगर राजधानी पटना में महानगर ग्रामीण के साथ ही सहरसा, जमुई ,नालंदा और जहानाबाद में जिला अध्यक्ष का निर्वाचन होना बाकी है। इसके साथ ही कुछ मंडल कमेटी में भी कुछ कारण कारणों से निर्वाचन अटका हुआ है।

### संत रविदास ने भाईचारा का संदेश देकर समाज को एकता के सूत्र में बांधा: उमेश सिंह कुशवाहा

» दलित समाज के कल्याण हेतु नीतीश सरकार ने अनेकों युगांतकारी निर्णय लिए: उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना।** बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित संत रविदास की जयंती के मौके पर पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय महासचिव, श्री श्याम रजक, राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, माननीय विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष श्री ललन कुमार सर्राफ, माननीय विधानपार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री अनिल हेगड़े, राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता श्री राजीव रंजन प्रसाद, माननीय विधायक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, पूर्व विधानपार्षद श्री सतीश कुमार, प्रो0 नवीन आर्य चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव श्री अरूण कुमार सिंह, श्री परमहंस कुमार, डॉ0 धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, पटना महानगर, अध्यक्ष श्री आसिफ कमाल, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ0 भारती मेहता, प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा, श्री अरविन्द निषाद, श्री वैद्यनाथ विकल, श्री विरेन्द्र सिंह दांगी, श्री हुलेश मांझी, श्रीमती कंचन माला चैधरी, श्री राम कुमार राम, श्री संजय चंद्रवंश, श्री मोनी सिंह, श्री दीपक निषाद एवं मो0 असद एजाज सहित कई नेतागण एवं कार्यकर्तागण मौजुद रहे। इस दौरान श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि संत रविदास का जीवन हमें इस बात की प्रेरणा देता है कि व्यक्ति जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से बड़ा होता है। जातिवाद जैसी सामाजिक रूढ़ियों के खिलाफ उन्होंने जैसी अलख जगाई उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने समाज में फैली तमाम कुरीतियों और बुराइयों का विरोध किया था और सच्चे मार्ग पर चलने की राह दिखाई थी। साथ ही उन्होंने सभी समाज को एकता के सूत्र में बांधा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में महापुरुषों और संतों को सम्मान देने की संस्कृति हमारे नेता ने शुरू की है। गौतम बुद्ध से लेकर बाबासाहेब अंबेडकर तक और महात्मा गांधी से लेकर दशरथ मांझी तक इसके अनेकों उदाहरण हैं। समाज के दबे-कुचले, हाशिये पर खड़े लोगों के उत्त्थान के लिए उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं का अंबार लगा दिया। अनसूचित जाति और जनजाति को वे विकास की मुख्यधारा में लेकर आए। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार पहला राज्य है जहाँ महादलित विकास मिशन और अतिपिछड़ा वर्ग आयोग का गठन हुआ। हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी को महादलित बस्ती के किसी बुजुर्ग द्वारा झंडा फहराने की शुरुआत हमारे नेता की सोच की देन है।

## समाचारपत्रों की समस्याओं के समाधान पर केंद्र गंभीर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के समाचार पत्रों की मौजूदा समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम उठाने का निर्देश भारत के समाचार पत्रों के महापंजीयक और केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक को दिया है। श्री वैष्णव ने मंगलवार को यह निर्देश उनसे मिलने गये अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से समाचार पत्रों के समक्ष उत्पन्न मौजूदा समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बाद दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के संयोजक एवं वरिष्ठ संपादक कमल किशोर ने किया। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार, श्रीराम अम्बष्ट, वेद प्रकाश, हिमांशु शेखर, मधुकर सिंह, नित्यानंद शुक्ला, देवन राय, दिग्विजय सिंह, संजय पोद्दार, साकेत कुमार, कौस्तुभ किशोर, मो कबीर, शमी अहमद, फैज अकरम, खुर्शीद अहमद प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बता दें कि अखिल भारतीय समाचारपत्र प्रकाशक-संपादक संघ की केंद्रीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित रेल भवन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देशभर के समाचारपत्रों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को सरकार के समक्ष रखना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करना था। इस क्रम में मंगलवार को संघ का शिष्टमंडल रेल भवन पहुंचा और केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और समाचारपत्रों को आ रही परेशानियों को समझते हुए तत्काल राहत देने का आश्वासन दिया। मंत्री से मुलाकात के बाद शिष्टमंडल ने सूचना भवन में भारत के प्रेस महापंजीयक भूपेंद्र कैंथोला एवं सीबीसी (केंद्रीय संचार ब्यूरो) के महानिदेशक वाई के बवेजा से भी मुलाकात की। सीबीसी के महानिदेशक ने भी प्रकाशकों को यह भरोसा दिलाया कि सीबीसी द्वारा जारी रेट कार्ड की अवधि को विस्तार देने पर विचार किया जाएगा ताकि समाचारपत्रों को वित्तीय संकट से उबरने में मदद मिल सके। बैठक के दौरान शिष्टमंडल ने सभी संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों को अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा।

## भाजपा ने मनाया संत रविदास जंयती



नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** भाजपा फतुहा नगर मंडल की ओर से बुधवार को भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के अध्यक्षता में फतुहा के मकसूदपुर (गांधी टोला) स्थित संत रविदास जी की जंयती उनके प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित कर और आरती कर मनाया गया। मौके पर भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद यादव,लक्ष्मण साहु,अनिता पाटनी, फतुहा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष संजय पासवान, महामंत्री संजीत पासवान, चुल्हन पासवान, अशोक दास समेत कर्ई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समयबद्ध और प्रभावी कार्य निष्पादन के लिए पथनिर्माण ने लिए कई अहम निर्णय : विजय कुमार सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

**राज्य के हर हिस्से से 50 किमी पर सुनिश्चित होगी फोरलेन की पहुंच : विजय कुमार सिन्हा**

» बिहार हाइवे विजन-2030 को धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता : विजय कुमार सिन्हा

» अभियंताओं के युक्तिगत उपयोग से पथनिर्माण योजनाओं का अनुश्रवण होगा बेहतर : विजय कुमार सिन्हा
» सुलभता के साथ सुरक्षित संपर्कता पर बल देगा पथनिर्माण विभाग : विजय कुमार सिन्हा
» हर डिवीजन में फुटब्रिज जेब्रा क्रॉसिंग के साथ दृष्टिबाधितों के लिए बनेंगी रेज्ड रोड मार्किंग : विजय कुमार सिन्हा
» सड़क सुरक्षा मैसेज के साथ हर जिले में लगेंगे गैंट्री साइनबोर्ड : विजय कुमार सिन्हा
» पथनिर्माण विभाग के हर अभियंता की दक्षता और क्षमता का होगा बेहतर उपयोग : विजय कुमार सिन्हा

**पटना।** पथ निर्माण विभाग के सभाकक्ष में उपमुख्यमंत्री-सह-पथनिर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा विस्तृत विभागीय समीक्षा बैठक की गई । इस बैठक में कई विभागीय कार्यों को समयबद्ध और लागत प्रभावी तरीके से निष्पादित करने, अनुश्रवण प्रणाली को बेहतर बनाने, विभाग के उपभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने और सुरक्षित संपर्कता से जुड़े कई अहम निर्णय भी लिए गए । उक्त बैठक के बारे में जानकारी देते हुए सिन्हा ने बताया कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पथनिर्माण विभाग द्वारा विकसित बिहार के लक्ष्य के साथ करीब 6650 करोड़ रुपए की परियोजनाएं चल रही हैं । इनके अतिरिक्त करीब 2000 करोड़ की योजनाएं निविदा के चरण में हैं और 1060 करोड़ रुपए की योजनाएं एकरारनामा के स्तर पर हैं । प्राथमिकता के आधार पर विभाग के विजन-2030 में राज्य के किसी भी हिस्से को 50 किलोमीटर के भीतर किसी न किसी फोरलेन हाईवे तक पहुंच सुलभ कराने पर बल दिया गया है । श्री सिन्हा ने आगे कहा कि विभागीय कार्यों को सुसंगत बनाने के लिए हम यांत्रिक उपभाग को पुनर्गठित करने पर विचार कर रहे हैं । ताकि अभियंताओं के अनुभव और कार्यक्षमता का युक्तिसंगत लाभ लिया जा सके । साथ ही हम खास विशेषज्ञता रखने वाले अभियंताओं को प्लानिंग, डिजाइन और अनुश्रवण से जोड़कर उनकी दक्षता का लाभ लेंगे । हमारे पास आज करीब 1100 अभियंताओं का कार्यबल है । जिनमें हाल तक सहायक अभियंताओं और उनके ऊपर के वरीय अभियंताओं का पर्याप्त संख्याबल तो था । लेकिन कनीय अभियंताओं की खासी कमी थी । लेकिन बीते दिनों 487 नए कनीय अभियंताओं के आ जाने से विभाग की परियोजनाओं का अनुश्रवण बेहतर होने की पूरी उम्मीद है । श्री सिन्हा ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल बनाने पर भी बल दिया गया । विभाग के एनएच उपभाग को तय समयसीमा के भीतर कार्य निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए मुख्य अभियंता स्तर पर साप्ताहिक अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है । हम अनुश्रवण व्यवस्था को और सुदृढ करने के लिए 'मॉनिटरिंग एप' भी विकसित करेंगे । ताकि वरीय अभियंताओं के क्षेत्र भ्रमण का रिकॉर्ड तथा रियल टाइम प्रगति अपडेट मुख्यालय को मिल सके । सिन्हा ने कहा कि सुलभ और संपर्कता के साथ हमारा विशेष बल सुरक्षित संपर्कता पर भी है । इसके लिए हर डिवीजन में फुटब्रिज, जगह-जगह पर जेब्रा क्रॉसिंग तथा दृष्टिबाधित राहगीरों के लिए रेज्ड रोड मार्किंग की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया है । साथ ही जगह-जगह पर सड़क सुरक्षा मैसेज के साथ गैंट्री साइनबोर्ड भी लगाए जाएंगे । उक्त समीक्षा बैठक में विभाग के अपरमुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, सचिव कार्तिकेय धनजी के साथ वरीय अभियंता शामिल हुए ।

## कुंभ में आस्था की डुबकी, बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना : प्रो. रणबीर नंदन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत प्रयागराज के संगम तट पर माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कुंभ में स्नान कर बिहार की तरक्की की प्रार्थना की। धर्म, आस्था और परंपरा के इस महासंगम में डुबकी लगाते ही उन्होंने बिहार के उज्ज्वल भविष्य और समृद्धि की कामना की। प्रो. नंदन ने इस अवसर को अपने जीवन का सौभाग्य बताते हुए कहा कि प्रयागराज में संगम तट पर स्नान और पूजन करना एक अलौकिक अनुभूति है, जिसे शब्दों में बांधना संभव नहीं। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ज्ञान प्राप्ति का पर्व भी है। उन्होंने अपनी पत्नी नम्रता नंदन के साथ स्नान कर इस पर्व का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रो. नंदन ने कहा कि प्राचीन शास्त्रों के अनुसार, जब बृहस्पति वृष राशि में और सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर यह मेला हिंदू धर्म की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक माना जाता है। प्रो. नंदन ने कुंभ मेले की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक समागम नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम का जीवंत उदाहरण है। यहां बिना किसी आमंत्रण के करोड़ों श्रद्धालु आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने आते हैं। प्रो. नंदन ने इस अवसर को बिहार के उत्थान से भी जोड़ा। उन्होंने प्रार्थना की कि बिहार आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कुंभ भारत को आध्यात्मिक रूप से एक सूत्र में पिरोता है। मैं प्रार्थना करता हूं कि बिहार भी इसी तरह एकता और समृद्धि की राह पर आगे बढ़े। कुंभ न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि भारतीय संस्कृति और विरासत का जीवंत उदाहरण भी है। यह पर्व हर 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है, लेकिन इसकी छाप हजारों वर्षों तक समाज पर बनी रहती है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के घावों पर लगाया मरहम: परिमल कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान सांप्रदायिक दंगों का दंश झेल रहे मुस्लिम समुदाय के घावों पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मरहम लगाने का काम किया है। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि उन दोनों के शासनकाल में मुस्लिम सुमदाय के लोगों के साथ कैसा सुलूक किया गया इस बात का इतिहास का गवाह है। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार में कब्रिस्तानों की घेराबंदी, मदरसों का आधुनिकीकरण, अल्पसंख्यक युवा एवं छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका परिणाम ये हुआ कि अल्पसंख्यक समुदाय में विश्वास एवं स्वाभिमान की वृद्धि हुई एवं वे विकास के प्रक्रिया में सहभागी बने। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आंकड़े गवाह हैं कि, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासन काल में कुल मिलाकर 130 दंगे हुए और इन दंगों में हजारों लोगों की मौत हुई। इतना ही नहीं साल 1989 में कांग्रेस शासन के दौरान भागलपुर में भीषण दंगे हुए, इस दंगे में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 1 हजार लोग मारे गए। लेकिन 15 साल के लालू- राबड़ी शासनकाल के दौरान पति- पत्नी की सरकार ने दंगा पीडितों के आंसुओं को पोंछने का कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि ये हकीकत है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के शासनकाल के दौरान ही मुस्लिमों को न्याय मिल सका। जद(यू) प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि साल 2005 में शासन संभालते ही माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार ने साल 2006 में हुए भागलपुर दंगे की जांच के लिए आयोग गठित किया और इसी आयोग की सिफारिश के आधार पर दंगे में मृतकों के आश्रितों को 5 हजार रुपए की पेंशन राशि दी गई। दंगा पीड़ितों के क्षतिग्रस्त मकानों के लिए क्षतिपूर्ति दी गई साथ ही आरोपियों को सजा दिलाई गई। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार ने दंगा के परिणामस्वरूप जो परिवार वहां से विस्थापित हो गए थे उसको पुनः उसी स्थान पर स्थापित करने का काम किया साथ ही साथ उन्हें यह भरोसा दिलाया कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा वहीं प्रभावित परिवारों को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने का काम किया।

## संक्षिप्त समाचार

### इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स के साथ किशोरों के लिए और भी सुरक्षित ऑनलाइन अनुभव

**पटना**। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर, मेटा भारत में चरणबद्ध तरीके से इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स का विस्तार कर रहा है, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। ये टीन अकाउंट्स खासतौर पर किशोरों के लिए बनाए गए हैं, ताकि उन्हें एक सुरक्षित और उनकी उम्र के उपयुक्त डिजिटल अनुभव मिल सके। इन अकाउंट्स में पहले से मौजूद सुरक्षा सुविधाएं अवांछित बातचीत को सीमित करती हैं, गोपनीयता सेटिंग्स को मजबूत बनाती हैं और माता-पिता को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद करती हैं, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं को एक अधिक सुरक्षित सोशल मीडिया अनुभव मिल सके। आज के डिजिटल दौर में, जहां इंटरनेट बच्चों की सोच और आदतों को प्रभावित कर रहा है, वहां उनकी ऑनलाइन सुरक्षा बेहद जरूरी हो गई है। माता-पिता, शिक्षक और नीति-निर्माता लंबे समय से साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और गोपनीयता जोखिमों को लेकर चिंतित हैं। इंस्टाग्राम का नया टीन अकाउंट फीचर इन चिंताओं का समाधान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह 16 साल से कम उम्र के सभी किशोरों के लिए सख्त सुरक्षा सेटिंग्स को अपने आप लागू कर देता है, जिससे संदेश भेजने, बातचीत करने और हानिकारक सामग्री देखने पर कड़ा नियंत्रण रहता है। साथ ही, यह युवाओं को डिजिटल दुनिया को सुरक्षित तरीके से समझने और उसका उपयोग करने के लिए बेहतर टूल्स भी प्रदान करता है। भारत में टीन अकाउंट्स के विस्तार पर बात करते हुए, इंस्टाग्राम की डायरेक्टर, पब्लिक पॉलिसी इंडिया, नताशा जोग ने कहा, "मेटा के लिए एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल वातावरण बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### "दिवंगत स्वर्गीय सुखदेव प्रसाद सिंह के पुण्यतिथि पर नेत्रहीन बालक बालिकाओं को निःशुल्क भोजन वितरण का आयोजन




**पटना**। रोटरी क्लब के तत्वावधान में आज अंतरज्योति गर्ल्स ब्लाइंड स्कूल, कुम्हरार में "अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट" के तहत निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह पुनीत कार्य रोटेरियन राज किशोर सिंह (अध्यक्ष, रोटरी क्लब) द्वारा अपने दिवंगत पिता स्व. सुखदेव प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटेरियन सदस्यों ने भाग लिया और नेत्रहीन बालिकाओं को स्नेहपूर्वक भोजन परोसा। इस तरह के समाजसेवी कार्यों से जरूरतमंदों को सहयोग मिलता है और रोटरी क्लब आगे भी ऐसे आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित रोटेरियन सदस्यों पीपी रोटेरियन डॉ. शंकर नाथ, पीडीजी रोटेरियन डॉ. राकेश प्रसाद ,सचिव रोटेरियन गोविंद,पीपी रोटेरियन डॉ. दीप्ति सहाय, पीपी रोटेरियन सुधांशु प्रकाश,पी पी रोटेरियन शंभु नाथ सिंह, रोटेरियन अजीत कुमार सिन्हा, रोटेरियन बलिरामजी , रोटेरियन शैलेश कुमार, ने समाजसेवा की इस पहल की सराहना की और भविष्य में इसे व्यापक रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। रोटेरियन राज किशोर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महिला इमदाद कमेटी, राजभवन पटना के सदस्यों के द्वारा अंबिका भवानी मंदिर (छपरा) के प्रांगण में जरूरतमंद लोगों के बीच चादर कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया



**पटना**। महिला इमदाद कमिटी, राजभवन पटना (बिहार) के सदस्यों ने छपरा स्थित अंबिका भवानी मंदिर के प्रांगण में जरूरतमंद लोगों के बीच चादर, कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया। महिला इमदाद कमिटी की सचिव डॉ पूनम चौधरी को मंदिर प्रांगण के लोगों ने बताया था कि ठंड के कारण रात्रि में काफी परेशानी होती है, कभी कभी पूरी रात ठंड में जगाकर बिताना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इनलोगों की तकलीफ को देखते हुए कमिटी के सदस्यों ने निर्णय लिया कि इन लोगों को चादर, कंबल और खाद्य सामग्री दिया जाय ताकि इन्हें कुछ सहूलियत मिल सके। सचिव डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि चादर,कंबल और खाद्य सामग्री पाकर इन लोगों का चेहरा खुशी से खिल उठा। कमिटी के सदस्यों ने सभी से लोगो से निवेदन भी किया कि जरूरतमंद लोगों की मदद जरूर करें। उक्त अवसर पर कमिटी की उपाध्यक्ष डॉ आशा सिंह,सचिव डॉ पूनम चौधरी, प्रोफेसर आशा त्रिपाठी, डॉ विंदा सिंह, और प्रोफेसर विधु रानी शामिल थी।

### एचआईएफ ने एफपीओ के साथ सहकारिता समझौता किया




**पटना**। होंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक सहकारिता समझौता (एमओसी) किया है। इसके तहत 'प्रोजेक्ट अन्नदाता- सशक्त किसान, समृद्ध राष्ट्र' की शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य राज्य में फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को सहयोग देना और सशक्त बनाना है। यह प्रोजेक्ट एफपीओ के समग्र विकास पर केंद्रित है, जिसमें किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना, उन्हें बाजार से बेहतर जोड़ना और कृषि क्षेत्र में टिकाऊ वृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। एमओसी पर हस्ताक्षर नई दिल्ली में हुए, जहां प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी विनय ढींगरा और कातसुयुकी ओज़ावा शामिल थे। इस अवसर पर होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री विनय ढींगरा ने कहा, "होंडा इंडिया फाउंडेशन में हम ग्रामीण समुदायों को सशक्त करने और कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिये समर्पित हैं। यह बातें भारत सरकार की सोच के अनुसार तो हैं ही, 2025 के यूनियन बजट में भी दिखती हैं।

# शिक्षा के माध्यम से खत्म होगा जात-पात : डॉ एस सिद्धार्थ

नई सोच एक्सप्रेस

» महावीर मन्दिर में संत रविदास जयंती समारोह का आयोजन



**पटना**। महावीर मन्दिर में परंपरा के अनुसार माघ पूर्णिमा को संत रविदास के जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से जात-पात को खत्म किया जा सकता है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का भी दायित्व संभाल रहे डॉ सिद्धार्थ ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास के विचारों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महावीर मन्दिर के जरिए मानव सेवा और परोपकार के बड़े कार्य करनेवाले आचार्य किशोर कुणाल को याद करते हुए डॉ सिद्धार्थ ने कहा कि उनकी कमी चल रही है। महावीर मन्दिर प्रांगण में आयोजित संत रविदास जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि संत रविदास ने जात-पात की प्रथा को तोड़कर समाज को जोड़ने का काम किया। उन्होंने जन्म की बजाय कर्म आधारित व्यवस्था पर जोर दिया। महावीर मन्दिर न्यास के सदस्य जस्टिस संजय कुमार ने कहा कि संत रविदास के पदचिन्हों पर चलने का प्रयास ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महावीर मन्दिर न्यास के कोषाध्यक्ष जस्टिस राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संत रविदास ने समाज में एकत्व की बात की थी। उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना होगा। पूर्व आईएएस अधिकारी और महावीर मन्दिर से जुड़े जियालाल आर्या ने कहा कि रविदास संतों के संत थे। बनारस से उनका खासा लगाव रहा। इस अवसर पर महावीर कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एल बी सिंह ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल की अनुपस्थिति में महावीर मन्दिर में पहली बार संत रविदास जयंती मनायी जा रही है। आचार्य किशोर कुणाल ने संत रविदास के विचारों पर चलकर दिखाया। जात-पात के बंधन को तोड़कर मानव सेवा के बड़े कार्य किए। महावीर कैंसर संस्थान समेत ९ चैरिटेबल अस्पतालों की स्थापना कर जन सेवा का बहुत बड़ा काम किया। इस अवसर पर आचार्य किशोर कुणाल के पुत्र सायण कुणाल ने कहा कि वे अपने पिता के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने सभी अतिथियों को कार्यक्रम में आने के लिए आभार व्यक्त किया। महावीर मन्दिर की पत्रिका धर्मायण के संपादक पंडित भवनाथ झा ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधि सचिव और महावीर मन्दिर न्यास के सदस्य वासुदेव राम, महावीर मन्दिर के अधिवक्ता कुमार शानू, शुभम् पराशर आदि भी उपस्थित रहे। संत रविदास जयंती समारोह की शुरुआत में सभी आगंतुक अतिथियों ने महावीर मन्दिर प्रांगण में स्थापित संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संत रविदास जयंती के अवसर पर वर्षों से झांकी के साथ महावीर मन्दिर आने वाले डोमन दास के पुत्र अमन कुमार इस बार अपने पिता की परंपरा का पालन करते हुए झांकी लेकर महावीर मन्दिर आए।

## पाटलिपुत्र फैशन वीक संपन्न



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। राजधानी पटना के हवेली पटना में पाटलिपुत्र फैशन वीक धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। पाटलिपुत्र फैशन वीके ऑर्गनाइज़र यश राज ने बताया कि पाटलिपुत्र फैशन वीक में बिहार और बिहार के बाहर से शो डायरेक्टर,टॉप मॉडल्स, सेलिब्रिटी डिज़ाइनर,मेकअप आर्टिस्ट ने हिस्सा लिया।मौके पर डिजाइनरों ने पटनावासियों को नए फैशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फैशन वीक आपके लिए अपने क्षितिज का विस्तार करने का एक अवसर है। फैशन वीक इंडस्ट्री के बारे में जानने के लिए एक बेहतरीन जगह है। यदि आप फैशन में रुचि रखते हैं, तो फैशन वीक में भाग लेने से आपको यह देखने का मौका मिलेगा कि इंडस्ट्री में क्या नया है और क्या चलन में है।फैशन वीक एक खास अवसर होता है, जहां डिजाइनर अपने आगामी कलेक्शन को पहली बार लोगों के सामने पेश करते हैं। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर सेलिब्रिटी गेस्ट रितिक सिंह, बिहार के गोल्ड मैन प्रेम कुमार सिंह ,इमरान ख़ान .रिफाइन इवेंट प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राशिद नदीम , इमरान अंसारी ,प्रेम कुमार ,बिट्टू ,और साथ ही साथ अर्जुन कुमार इवेंट पार्टनर उपस्थित रहे। इस दौरान डिज़ाइनर ,अन्नू कुमारी ,ख़ुशी ,ऋषि ,विशाल और रीना पांडे ने अपना डिज़ाइन कपड़ो का कलेक्शन उतारा। मॉडल्स ने डिजाइनरों के कपड़ो को पहनकर वॉक किया।मौके पर मेकअप आर्टिस्ट पायल वर्मा भी शमिल रही।कार्यक्रम का संचालन समीर मल्लिक ने किया।

# विज्ञान-कथा-साहित्य में हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास है 'वेव एलियंस'

नई सोच एक्सप्रेस

» साहित्य सम्मेलन में हुआ डा रमेश पाठक के उपन्यास का लोकार्पण, आयोजित हुई लघुकथा-गोष्ठी



**पटना**। सर्वश्रेष्ठ विज्ञान-कथा धारावाहिक के रूप में प्रसार-भारती, भारत सरकार से पुरस्कृत और आकाशवाणी, पटना से प्रसारित धारावाहिक 'वेव एलियंस' के लेखक डा रमेश पाठक का इसी नाम से प्रकाशित उपन्यास 'वेव एलियंस' हिन्दी में विज्ञान-कथा-साहित्य का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास है। इस उपन्यास ने पृथ्वी के अतिरिक्त ब्रह्माण्ड में अन्य ग्रहों पर जीवन होने के विचार को एक नयी दृष्टि से देखने का सूत्र दिया है, जो इस वैज्ञानिक-खोज को चमत्कृत रूप से नयी दिशा दे सकता है। यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित पुस्तक-लोकार्पण-समारोह एवं लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए,सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि अन्य ग्रहों पर जीवन की खोज के प्रसंग में अबतक इस दृष्टि से विचार किया जा रहा है कि वहाँ भी पृथ्वी के प्राणियों के समान ही जीवन के तत्त्व होंगे। किंतु इस उपन्यास ने चिंतन को एक नयी दृष्टि देते हुए यह स्थापना देने की चेष्टा की है कि अन्य ग्रहों पर जीवन के तत्त्व भिन्न भी हो सकते हैं। वे तत्त्व, पंच महाभूत अर्थात क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर न होकर, हमारे जैसे 'हांड-मांस' का देह न होकर, कुछ और भी हो सकता है। जैसे 'वेव' या 'तरंग' मात्र भी। वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि लोकार्पित पुस्तक के लेखक पाठक जी साहित्य और विज्ञान के बीच अद्भुत समन्वय रखते हैं। इनमे साहित्य भी है और विज्ञान भी। विज्ञान का छात्र होते हुए भी ये साहित्य की सेवा कर रहे हैं। क्योंकि विज्ञान से इनका गहरा संबंध रहा है, इन्होंने विज्ञान-साहित्य को बहुत बल दिया है। 'वेव एलियंस' एक अद्भुत उपन्यास है, जिसका आकाशवाणी, पटना से १३ कड़ियों में धारावाहिक नाटक के रूप में प्रसारण हुआ था। आकाशवाणी, पटना के केंद्र निदेशक रहे वरिष्ठ साहित्यकार डा किशोर सिन्हा ने कहा कि उनकी पुरानी इच्छा थी कि वे आकाशवाणी के लिए एक विज्ञान-धारावाहिक का प्रसारण हो। किंतु योग्य कथा लेखक नहीं मिल पा रहे थे। जब मुझे ज्ञात हुआ कि लेखक डा रमेश पाठक की पृष्ठभूमि विज्ञान की है तो मेरे मन में प्रेरणा हुई कि अपने मन की इच्छा इन्हें बताऊँ और उनसे यह कार्य लूँ। पाठक जी ने इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार की और 'वेव एलियंस' के रूप में जो लिखा वह ऐतिहासिक बन गया, जिसे ऑल इंडिया रेडियो की ओर से सर्वश्रेष्ठ विज्ञान-धारावाहिक का पुरस्कार प्राप्त हुआ। पाठक जी ने विज्ञान और मनो-विज्ञान के साथ मानवीय-संवेदनाओं को भी इस पुस्तक में मूल्य दिया है, जो इसे विज्ञान-कथा में विशिष्ट बनाती है। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक डा उदय कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार बच्चा ठाकुर,अभिनेत्री अर्चना सोनी, अधिवक्ता मंजू झा, निकहत आरा और चंदा मिश्र ने भी लेखक को अपनी शुभकामनाएँ दी। कृतज्ञता-ज्ञापित करते हुए लोकार्पित पुस्तक के लेखक डा पाठक ने कहा कि १८वीं शताब्दी में अंग्रेज़ी में विज्ञान-कथा का लेखन माना जाता है। किंतु मेरी दृष्टि में विज्ञान-कथा का आरंभ भारत में वैदिक-काल से ही हो चुका था। विज्ञान और दर्शन में विभेद नहीं है। जब दोनों में समन्वय होता है, तो विज्ञान-कथा आरम्भ हो जाती है।विज्ञान-साहित्य में दिल को स्पर्श करने की दृष्टि भारतीय साहित्य में है। डा किशोर सिन्हा की प्रेरणा से धारावाहिक के रूप में यह कथा लिखी गयी। जब तक लेखन की प्रक्रिया चलती रही, मैं दूसरे ही भाव-लोक में रहा।मुझे लगा कि हम सब कठपुतलियाँ हैं और कोई हमें नचाता है। ब्रह्माण्ड में सब कुछ सूक्ष्म रूप में तरंग ही है। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, वरिष्ठ कथा-लेखिका डा पुष्पा जमुआर ने 'काश' शीर्षक से, डा पूनम आनन्द ने 'माघी-पूर्णिमा',डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने 'सुअवसर', सिद्धेश्वर ने 'बेटा-बेटी', शमा कौसर 'शमा' ने 'खामोशी', ई अशोक कुमार ने 'कुम्भ-स्नान', कुमार अनुपम ने "अभिशाप", रौली कुमारी ने 'तोहफ़ा', जय प्रकाश पुजारी 'मोबाइल", श्याम बिहारी प्रभाकर ने 'फ़ोटोग्राफ़र', शंकर शरण आर्य ने 'सजा', नीता सहाय ने 'स्कूल', पी डी उपाध्याय ने महाकुंभ' तथा बी के बिहारी ने 'असली पारस' शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, मधुरेश नारायण, डा ध्रुव कुमार, मृत्युंजय गोविंद, डा अनुपम राकेश, अरुण कुमार श्रीवास्तव, शुभ चंद्र सिन्हा, सुनील कुमार, शैलेंद्र सिन्हा, श्याम मनोहर मिश्र, डा प्रेम प्रकाश, मो नसीम अख़्तर, बाँके बिहारी साव, अर्जुन प्रसाद सिंह, भास्कर त्रिपाठी, शैलेंद्र ठाकुर शांडिल्य, समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# पटना जंक्शन गोलंबर पर बढ़ती अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। प्रेम यूथ फाउंडेशन ने बिहार के डीजीपी को एक पत्र लिखकर पटना जंक्शन गोलंबर पर शाम होते ही फैलने वाली अनैतिक और अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने चिंता व्यक्त की है कि यह क्षेत्र वेश्यावृत्ति और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है, जिससे न केवल शहर की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि आम नागरिकों, खासकर महिलाओं और यात्रियों की सुरक्षा का भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि प्रत्येक शाम पटना जंक्शन गोलंबर के आसपास वेश्याओं का जमावड़ा लग जाता है, जहां खुलेआम अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इससे यात्री, स्थानीय दुकानदार, राहगीर और छात्र-छात्राएं असहज महसूस कर रहीं हैं। यह स्थिति पर्यटकों और प्रवासियों के लिए भी गलत संदेश देती है। रात्रि में फाउंडेशन के स्वयंसेवक जब ग्राहक बनकर देह व्यापार करने बालो से सम्पर्क किया और पता किया तो कई चौकाने बाले तथ्य सामने आया जो काफी चिंता जनक है । फाउंडेशन ने प्रशासन से तीन प्रमुख मांगें की हैं जिसमें पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और नियमित रूप से छापेमारी कर अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। दूसरा अवैध गिरोहों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, जो इस व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं और तीसरा जन-जागरूकता और पुनर्वास कार्यक्रम चलाए जाएं जिससे इस काम में लगी महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार मिल सके। प्रेम यूथ फाउंडेशन ने कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाता है तो संगठन जनआंदोलन चलाने को मजबूर होगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे इस सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएं और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। फाउंडेशन के स्वयंसेवक रवि प्रकाश, सन्नी कुमार , ऋतिक राज वर्मा, हिमांशु शर्मा , संगीता कुमारी ने एक रिपोर्ट बनाया है जिसे जल्द प्रकाशित किया जायेगा । प्रेम यूथ फाउंडेशन इस मुद्दे पर सरकार, पुलिस प्रशासन और समाज के जागरूक नागरिकों के साथ मिलकर समाधान निकालने को तत्पर है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन शीघ्र ठोस कदम उठाएगा और पटना जंक्शन गोलंबर को फिर से सुरक्षित और सम्मानजनक स्थान बनाएगा।

## पीएमसीएच पर आधारित डोको ड्रामा फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। टाइम टू टाइम मीडिया के बैनर तले बन रही पीएमसीएच पर आधारित डोको ड्रामा फिल्म "पीएमसीएच का स्वर्णिम सौ साल" की शूटिंग पूरी हुई। इस फिल्म का निर्माण पीएमसीएच के सौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में पीएमसीएच अल्युमुनाइ के सचिव डॉ. विजय प्रकाश करवा रहे हैं जिसका प्रदर्शन 25 फरवरी को राष्ट्रपति के समक्ष किया जायेगा। इस फिल्म के माध्यम से पीएमसीएच का इतिहास और वर्तमान को दिखाया जायेगा। इस फिल्म के निर्देशक धर्मेश मेहता हैं जो बिहार के रंगमंच एवं शॉर्ट फिल्म के दिग्गज निर्देशक हैं।इनके द्वारा बनाई गई शॉर्ट फिल्म भागीरथ द सैंडमैन को तमझगम इंटर नेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल जूरी अवार्ड बतौर एशियन शॉर्ट फिल्म के रूप में और वेस्ट पर्यावरण फिल्म पुरस्कार नॉर्थ ईस्ट इंटर नेशनल फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया है। साथ ही इनकी दो और शॉट फिल्म सुपारी किलर और प्रायशचित् को भी राष्ट्रीय स्तर पर कई अंतर राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिल चुका है। पीएमसीएच पर बन रही फिल्म डोको ड्रामा में बिहार के कई प्रमुख अभिनेता अभिनेत्रियों ने काम किया है जिसमें डॉ. ए एन पाण्डे, निलेश्वर् मिश्रा, रेणु सिन्हा, डॉ. क्रांति भावना, अशफाक अहमद, डॉ. अंजना आर्या, डॉ. रविंद्र कुमार चंद्र, रमेश चन्द्र, रौशन कुमार आदि शामिल हैं।

## सामर्थ्य क्लासेज के छात्रों की शानदार सफलता

नई सोच एक्सप्रेस



पणिनि अभिषेक

**पटना**। बिहार के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान सामर्थ्य क्लासेज के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2025 जनवरी सेशन में शानदार प्रदर्शन किया है। एनटीए द्वारा जारी प्रोविजनल उत्तर कुंजी के अनुसार, पणिनी (281/296) और अभिषेक (247/300) ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। यह सफलता सामर्थ्य क्लासेज की अनुभवी फैकल्टी, सटीक मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। इसी क्रम में, सामर्थ्य क्लासेज ने पटना के विभिन्न विद्यालयों में स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की, जिसमें पटना दून पब्लिक स्कूल, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, विद्या संस्कार स्कूल, केंद्रीय विद्यालय खगौल और डीएवी पब्लिक स्कूल के 900 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। संस्थान द्वारा सभी छात्रों के लिए फ्री डेमो क्लास आयोजित की जाएगी। यह मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होगी, जहाँ अनुभवी फैकल्टी छात्रों के सभी विषयों से जुड़े डाउट्स क्लियर करेंगे। साथ ही, परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए रिवीजन क्लास का भी आयोजन किया जाएगा।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल में मना महर्षि दयानंद जन्म जयंती महोत्सव

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। डी ए वी पब्लिक स्कूल आर्य समाज मंदिर परिसर पटना में 12 फरवरी 2025 को महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जन्म जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा,यज्ञ- हवन एवं भजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या ऋतु जैन व अन्य शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्या ऋतु जैन ने महर्षि दयानंद सरस्वती के सत्कर्मों और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहां कि हम भारतीयों को स्वयं पर गर्व होना चाहिए। युगपुरुष, महान चिंतक, समाज सुधारक, सन्यासी, आर्य समाज के संस्थापक महर्षि की विशेषताओं की लंबी श्रृंखला है। क्योंकि हमने ऐसी धरती पर जन्म लिया है जहां रामायण, महाभारत, वेद, उपनिषद की रचना करने वाले महर्षियों का जन्म हुआ है, जिस देश में 'सर्वे भवंतु सुखिनः' व 'वसुधैव कुटुंबकम्' जैसे मूल मंत्रों का जन्म हुआ है। हम सभी को महर्षि के कथनानुसार एवं धर्मानुसार आचरण करना चाहिए। छात्रों को संबोधित करते हुए संस्कृत शिक्षक मुकेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानंद द्वारा भारतीय शिक्षा प्रणाली में गुरुकुलीय व्यवस्था को अपनाया और पूरी तरह से बदलाव की शुरुआत की और उन्हें आधुनिक भारत के दूरदर्शी लोगों में से एक माना जाता है। स्वामी दयानंद सरस्वती के दृष्टिकोण को साकार करने के लिये वर्ष 1886 में डीएवी (दयानंद एंग्लो वैदिक) स्कूल अस्तित्व में आए। पहला डीएवी स्कूल लाहौर में स्थापित किया गया और महात्मा हंसराज इसके प्रधानाध्यापक थे। संगीत शिक्षक सौरभ कुमार के साथ छात्राओं ने भजन प्रस्तुत किया गया। एम पी जैन ने बताया कि छात्रा सृष्टि, तानिया कुमारी , छात्र नवनीत ने महर्षि के जीवन पर प्रकाश डाला। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

संक्षिप्त समाचार

## अज्ञात वाहन के ठोकर से युवती की मौत

**छपरा।** दरियापुर थाना क्षेत्र के सरैया में पैदल परसा बाजार से लौट रही युवती अज्ञात वाहन के ठोकर से घायल हो गई। जिसकी इलाज के दौरान पटना में उसकी मौत हो गई है। मृतका रामबाबू दास की 18 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी बताई गई है, जो परसा बाजार से पैदल घर परसा थाना क्षेत्र के परसौना लौट रही थी। इसी बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सरैया में घायल हो गई। जिसके बाद परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराने कराया गया, जहां से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जबकि परिवार वाले उसे लेकर पटना के निजी अस्पताल में भर्ती करवाए थे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हुई । इस मामले में मृतका के पिता द्वारा दरियापुर थाना में आवेदन दिया गया है।

## महिला शिक्षक से असलहे के बल पर 40हजार रुपए व मोबाइल की लुट

**छपरा।** दरियापुर नयागांव पथ पर अवस्थित विजय ढाबा के समीप बाइक सवार दो अपराधियों ने महिला शिक्षक से पिस्टल का भय दिखा कर पैसा ,मोबाइल और कागजात भड़ा बैग लूट लिया।घटना को लेकर दरियापुर अंचल क्षेत्र के मस्तीचक अवस्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के शिक्षिका आशा कुमारी दिघवारा थाना में लिखित आवेदन दे दो अज्ञात अपराधी को आरोपित कर प्राथमिकी दर्ज कराई है।शिक्षिका द्वारा बताया गया कि वह विद्यालय का कार्य संपन्न होने पर वह घर जा रही थी। इसी बीच उक्त पथ पर विजय ढाबा के समीप एक बाइक पर सवार दो अपराधी गले पर पिस्टल का भय दिखाया ।जिसके बाद बैग लूट फरार हो गया।लूटे गए बैग में 40हजार रुपए,दो मोबाइल, एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड अन्य जरूरी का कागजात आदि था।पुलिस से जांच कर उचित करवाई करने की विनती की ।

## 144 रन से श्रीपुर की टीम कटिहार को हराया



**सुगौली।** प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय में आयोजित प्रीमियम टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्य अतिथि प्रखंड मुखिया संघ उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र ने किया।जिसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय पात्र किया। पुष्कर 11 श्रीपुर क्रिकेट क्लब बनाम कटिहार क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।जिसमें श्रीपुर पुष्कर की टीम विजयी रही। कटिहार की टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुष्कर 11 की टीम ने 279 रन बनाई।जिसके जबाब में उतरी कटिहार की टीम 135 रन पर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भोलू को दिया गया,जिसने 82 रन बनाया। मैच में एम्पायर विजय कुशवाहा व मनोज कुमार,स्कोरर सलौदीन , कमेंटेटर प्रमोद मिश्र,यश कुमार,विकेश रंजन मिश्र थे। मौके पर व्यवस्थापक मुखिया अवधेश कुशवाहा,असदेव राम,अध्यक्ष रामाश्रय महतो,सचिव पैक्सध्यक्ष संजीव शर्मा,कोषाध्यक्ष संतोष जयसवाल,संदीप मिश्र,प्रदीप कुमार सहित कई मौजूद थे।

## ग्रामीण विकास मंत्रीसह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आज ग्राम सरो तिया में अल अमीन पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया



**गोड्डा।** महागामा प्रखंड अंतर्गत सरोतिया ग्राम में आज बुधवार को सूबे की ग्रामीण विकाससह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था अल अमीन पब्लिक स्कूल सरोती या का विधिवतउद्घाटन किया इस अवसर पर स्कूल की ओर से ग्रामीण विकास सह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह को शॉल भेटकर तथा बुके एवं माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया मौके पर स्कूल के नवनिर्मित कार्यालय भवन का भी उन्होंने उद्घाटन किया इस पर क्षेत्र के सायर कलीमुल्लाह परवाना नेमंत्री महोदिया की शान में आकर्षक शेरो शायरी प्रस्तुत कर मैडम एवं उपस्थित लोगों को दिल जीत लिया मौके पर मंत्रीदीपिका पांडे सिंह ने स्कूल की शैक्षणिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन की जमकर तारीफ की उन्होंने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है शिक्षा सबसे बड़ी जरूरत है शिक्षा के बगैर देश और दुनिया की तरक्की संभव नहीं है शिक्षा वह प्रकाश है जिससे अज्ञानता का बादल छट जाता है शिक्षा ही मनुष्य को बड़ा बनाता है उन्होंने अल अमीन पब्लिक स्कूल की हर संभव सहायता करने का भरोसा दिलाया मौके पर उन्होंने हेमंत सरकार के कार्यों की सराह ना की स्वागत भाषण स्कूल के निर्देशक मकी मूर रहमान ने ने किया इस पर स्थानीय राजद नेता अताउररहमान सिद्दीकी जिला पार्षद याहिया सिद्दीकी मुखिया हबीब आलम मोहम्मद नईम असलम युसूफ विद्यालय की शिक्षिका सह प्रिंसिपल तराना परवीन ब्यूटी तनवीर मैडम आदि ने भी अपने विचार रखें मंचका संचालन परवाना ने किया धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के निदेशक मुकीम साहब ने की।

# शब-ए-बारात की रात होती है इबादत की रात,बंटेंगी खुदा की रहमतें...

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर/हसनपुर।** मुस्लिम घर्मगुरु कारी सद्दाम अली नदवी के अनुसार शब-ए-बारात की रात खुदा के इबादत की रात होती है। शब-ए-बारात की रात इबादत के साथ-साथ गरीब,यतीम,मिस्कीनों को खैरात वगैरह दिया जाता है। ये शाबान का महीना चल रहा है। जिसमें शाबान महीने की 15वीं तारीख की बहुत ही ज्यादा अहमीयत है। हसनपुर : मुस्लिम कैलेण्डर के अनुसार अरबी महीना शाबान की 15वीं तारीख की रात को शब-ए-बारात कहा जाता है। इस मौके पर करोड़ों मुसलमान रात भर अपने घरों और मस्जिदों में इबादत करते हैं. शब-ए-बारात को इबादत का त्योहार भी कह सकते हैं. इस रात में मुसलमान अपने रिश्तेदारों और दोस्तों की कब्रों पर जाकर उनके लिए दुआएं मांगते हैं। शब का मतलब- रात, बारात यानी जागना, इसे इबादत की रात भी कहा जाता है। इस वर्ष ये पर्व काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। शब-ए-बारात की रात इबादत के साथ-साथ गरीब, यतीम, मिस्कीनों को खैरात वगैरह दिया जाता है। आपको बता दें कि ये शाबान का महीना चल रहा है. जिसमे शाबान के 15 तारिख की बहुत ही ज्यादा अहमीयत है। वैसे तो मजहबे इस्लाम में हर महीने अपने खुसीसीयत की लिहाज से एक मायनी रखता है। लेकिन 15 तारीख का मायना इसलिये ज्यादा हो जाता है कि इस तारीख़ को शब ए कदर की रात (शब-ए-बारात) जिसका मतलब इबादत की रात होता है। इसलिए इस रात में जग कर हर मुसलमान रात भर खुदा की इबादत करता है जिसमें अपने रब से अपने गुनाहों की मगफिरत की दुआ मांगता है। हलवा, मलीदा फतेहा करते हैं। नमाज पढ़कर, अपने पूर्वजों को बख्शते हैं। और खुदा से उनके गुनाहों की मगफेरत की दुआ करते हैं।

**शब ए कदर की रात क्या करना चाहिए :** शब ए कदर की रात इस मुकद्दस रात के बारे में उलेमाओं का कहना है कि रात भर नमाज पढ़ना, कुरान शरीफ की तिलावत करना, दरूद व सलाम पढ़ना, दिन का रोज रखना, मजारों का ज़ियारत करना, पैगम्बर हजरत मोहम्मद सलल्लाहो अलैहेवासल्लम ने फरमाया की अल्लाह पाक के हुकुम से फरिश्ते नीचे उतरते हैं। अल्लाह के बंदे जो इबादत में मशगूल रहते हैं। उनपर रहमतों की बारिश करते हैं। जिससे उनके गुनाहों की मगफिरत हो जाती है और व पाकसाफ हो जाते हैं। क्योंकि अल्लाह पाक बड़ी ही रहमत वाले हैं। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि कसरत से इस रात को इबादत करें और अपनी गुनाहों की माफी खुदा से मांगे। आगे भी किसी भी तरह में गुनाहों से बचें। ये शब-ए-बारात साल में एक बार आता है. कहा यह जाता है कि आज ही के रात दुआ कबुल होती है। बन्दा ए मोमिन जो अपने रब से मांगता है। रब उसे नवाजते हैं। **हदीस की किताबों में है रात का बड़ा महत्वः** शब-ए-बरात वास्तव में शबे बराअत है। शब पर्शियन भाषा है जिसका अर्थ रात होता है और बराअत अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ मुक्ति होता है। शबे बराअत का अर्थ हुआ मुक्ति वाली रात अथवा छुटकारे की रात.।उन्होंने कहा कि हदीस की किताबों में इस रात का बड़ा महत्व वर्णन हुआ है। पैगम्बर मुहम्मद ने फरमाया यही वह रात है जिस रात को अल्लाह की तरफ से ऐलान होता है कि है कोई माफी चाहने वाला है उसको माफी मिलेगी. रोजी-रोटी चाहने वाले को उसको रोजी-रोटी दे दूं। कोई परेशान हाल और दुखी इंसान उसके दुख और पीड़ा से मुक्ति मिलेगी। अल्लाह इस रात को सभी को माफ कर देता है। इस त्योहार के लिये बहुत सारी जगहों पर मस्जिदों और कब्रिस्तानों में खास सजावट की जाती है।

## मांझी में हर्षोल्लास से मनाई गई संत शिरोमणि रविदास की जयंती



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** जिलेभर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर जिलेभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर समाज में छूआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर सभ्य समाज का निर्माण किए जाने का संकल्प लिया गया।इसी क्रम मे मांझी प्रखण्ड के मटियार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के मांझी प्रखण्ड अध्यक्ष शिक्षक नेता हवलदार मांझी ने कहा कि भारत की भूमि संतों महापुरुषों की भूमि रही है। गुरु रविदास ने समाज को एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा था कि समाज की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जहां छोटे-बड़े का भेदभाव ना हो। समाज में सभी को समानता का दर्जा मिले।

## पार्टी के विकास पर किया गया चर्चा



नई सोच एक्सप्रेस

**बेतिया।** समाजवादी विचारधारा से जुड़े हुए महान शख्सियत सुगौली विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे अर्जुन सिंह भारतीय के निवास पर जाकर उनसे अनौपचारिक मुलाकात कर दिया राजनीति पर चर्चा किया गया।प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष समाज सुधार सेनानी प्रकोष्ठ बिहार लालबाबू सिंह ने अंग वस्त्र से उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति से मिलने से राजनीति जगत की जानकारी मिलती है इन्होंने लोगों के लिए हमेशा आवाज उठाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी के विस्तार के लिए चर्चा भी किया गया कि किस तरह से कार्य किया जाए जिससे पार्टी का विकास हो सके। मौके पर आप सब की आवाज आशा पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बलराम सिंह उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जयंती

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बुधवार को लहलादपुर प्रखण्ड के मिर्जापुर में धूमधाम से मनाई गई। सभा की अध्यक्षता संयुक्त रूप से शिक्षक कृष्णा राम एवं पूर्व मुखिया देवनाथ राय ने किया तथा संचालन बबन पासवान ने किया।इस कार्यक्रम में समाज में छूआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर सभ्य समाज का निर्माण किए जाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी समरेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी जन्म से ही संत प्रकृति के थे और समाज मे व्याप्त कुरीतियों जैसे छुआछूत, जात-पात का विरोध किया। उन्होंने मन चंगा तो कटौती में गंगा को दोहराते हुए कहा कि

**» रविदास जी द्वारा दिये गए सामाजिक एकता के संदेश को लेकर जीवन मे आगे बढ़ना चाहिए : समरेंद्र**

रविदास जी का मानना था कि जिसका मन स्वच्छ होता है उसका जीवन भी गंगा नदी के समान पवित्र होता है। उन्होंने अपना सारा जीवन समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने में लगा दिया और अमीरी-गरीबी के भेदभाव को मिटाकर आपसी भाईचारे व सामाजिक सद्भाव पर बल दिया। हम सभी को उनके द्वारा दिए गए एकता के संदेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षक नेता अनुज यादव ने कहा कि रविदास जी ने समाज को समानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा था कि मानव अपनी जाति या धर्म से नहीं बल्कि वह अपने अच्छे कर्मों से जाना जाता है। इस मौके पर शिक्षक नेता



संजय यादव,इंद्रजीत महतो,निजाम अहमद,अनुज यादव,सुरेश जी,अभिरंजन जी,हवलदार मांझी, उमेश राम,हरि राम सरपंच,शौकत अली,राहुल रंजन,अच्छे लाल राम,फिरोज इकबाल,मन्नु लाल,पंकज प्रकाश,रणजीत सिंह,विश्व प्रसाद,अनिल दास, श्यामबिहारी जी,पीयूष तिवारी,विनोद विद्यार्थी,सन्तोष कुमार सिंह,विनायक यादव,जितेंद्र राम,मोइनुद्दीन अंसारी,श्यामबाबू सिंह सहित सैकडों बुद्धिजीवी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## समाजसेवियों का क़दर नहीं होना आश्चर्य से कम नहीं

नई सोच एक्सप्रेस



**आंखों पर बिहारियों ने राजनीति के इतने गाढ़े काले चश्मे को पहन लिए है कि उन्हें राज्य के सच्चे और ईमानदार समाजसेवी नजर ही नहीं आ रहे, यह घोर आश्चर्य से कम नहीं। राज्य के हित चाहने वालों को उचित सम्मान मिलेगा तभी बिहार का जय सम्पूर्ण ब्रह्मांड में गुंजायमान होगा।** राज्य हित की भावना से आज लाखों की संख्या में लोग अपनी कुशलता, बुद्धिमता और क्षमता अनुरूप कुछ बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि बिहार आज युवा बिहार है, लगभग 9 करोड़ आबादी की उम्र आज 30 वर्ष से कम है। आने वाले दशकों में उन्हें रोज़गार की आवश्यकता होगी। इतनी बड़ी आबादी को कोई भी सरकार उन्हें सरकारी नौकरी नहीं दे सकती। इसलिए स्वरोजगार ही उपाय है और इसके लिए तमाम बिहार के बौधिकों को अभी से लग जाना चाहिए। देश एक तरफ विकासशील से विकसित राष्ट्र की तरफ तीव्रता से अग्रसित है, इस अवस्था में ज्ञान-विज्ञान की भूमि बिहार को सोता हुआ देखकर अचंभित हूँ। अपनी लेखनी, अपनी वाणी से लगातार लोगों को कई वर्षों से जागृत करने का प्रयास कर रहा हूँ। बचपन से कम संसाधन में बेहतर करने का प्रयास करते आया हूँ पर यह स्वयं पर निर्भरता रही। आज कार्य तभी सफल होगा जब बिहार के लोग साथ देंगे, विचार को विचारधारा में तब्दील करने में सार्थक सहयोग करेंगे। विडंबना यह है कि बिहार की आबोहवा जातिवाद की विषैली गैस से भरी हुई है। और, लोग मौन है। और, स्थिर रुप से अपने जीवन और अपने आने वाली पीढ़ियों के परेशानी से बेख़बर। लोगों को अपना मौन व्रत तोड़ना होगा, आगे बढ़ना होगा और उन लोगों सामर्थ्यवान बनाना होगा, जिनके हृदय में राष्ट्र का मानचित्र विराजमान है। मेरा प्रयास जारी है पर अपनी क्षमता को जानता हूँ। बिहारी अस्मिता के भाव को जागृत करने के प्रयास सभी को करना होगा। जो जहाँ है वहीं से अपने उतरदायित्व को ईमानदारी से निभाए। पर, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित जरूर करें। समाजसेवियों ने युवाओं को आगे बढ़ाने हेतु कठिन परिश्रम करना आरम्भ कर दिया है। लेटस इंस्पायर बिहार अभियान सबसे बेहतर कर रहा है। युवा संस्कृति में रुचि रखने वालों के लिए गायत्री परिवार इसे देखने के लिए सबसे अच्छी जगह है, क्योंकि छोटे प्रयास में यह ध्यान देने योग्य है। भारत में भी, ऐसे स्थान हैं जहाँ युवा संस्कृति केंद्रित है, जिनमें गायत्री परिवार एक आदर्श स्थापित कर रहा। सदैव युवाओं ने राष्ट्र को दिशा देने की कोशिश की अब आने वाले समय में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। खासकर बिहार जैसे गरीब राज्य के उत्थान के लिए। सुखद यह है कि भारत के वर्तमान विकास के बाद बिहार ठहराव और बदलाव के बीच झिझक रहा है, इसके युवा लोग पारंपरिक करियर पथों से बाहर निकल रहे हैं और अधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता वाली जीवनशैली की तलाश कर रहे हैं। इस मोड़ पर उन्हें मार्गदर्शन की प्रबल जरूरत है ताकि उनकी भावनायें भी न टूटे और राज्य निर्माण की सोच मष्तिष्क पर रेखांकित और हृदय में विराजमान हो जाए। इस क्षेत्र में पूरी निष्ठा से कुछ लोग लग भी गए हैं बस उनको सहयोग करने की जरूरत आ गई है ताकि बिहार निर्माण में पुरजोर कोशिश कर सके। समाजसेवियों को ताकत देना राज्य को सुदृढ़ करना है और, राज्य की युवाओं की शक्ति, युवाओं का भविष्य, महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ बहुआयामी दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है।

## झांसा देकर भोले-भाले किसान का एटीएम बदलकर 28 हजार रूपया निकाला

नई सोच एक्सप्रेस



**» सीसीटीवी फूटेज की जांच कर पैसा बरामदगी के लिए पीड़ित किसान ने थानाध्यक्ष को दिया आवेदन**
**» एटीएम ठगी गिरोह पर हो कारवाई- माले**

**समस्तीपुर/ताजपुर।** राशि निकासी के बाद पिन कैंसिल करने का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदला और तुरंत 28 हजार रूपये का निकासी कर भोले-भाले किसान को चूना लगा दिया। मामला ताजपुर थाना के मोतीपुर वार्ड 26 के निवासी किसान ललन दास का है। पीड़ित किसान मंगलवार को अस्पताल चौक स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसा निकासी को पहुंचे। पीड़ित किसान जरूरत के अनुसार राशि निकासी के बाद ज्योंही एटीएम रुम से निकले लगा, एटीएम के बाहर पहले से मौजूद एक युवा अंदर आते हुए कहा कि आपका पीन कैंसिल नहीं हुआ है, कैंसिल कीजिए। किसान उसके झांसे में आकर पीन कैंसिल करने लगा लेकिन उक्त व्यक्ति ने कोई बटन दबा दिया था जिस वजह से पीन कैंसिल नहीं हो रहा था फिर संदिग्ध युवा ने अपने को एटीएम कर्मी बताते हुए किसान का कार्ड एटीएम से खींच लिया और पल भर में उसी बैंक का दूसरा एटीएम कार्ड पकड़ा दिया और मैसेज कैंसिल भी हो गया। शक होने पर पीड़ित किसान ने पुनः एटीएम में कार्ड डालकर चेक किया तो कार्ड को कैंसिल बताया। शक होने पर किसान ने कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर जो किसान के पुत्र के पास था, फोन कर के पूछने पर पहले 9 हजार, पुनः 9 हजार 5 सौ एवं अंत में पुनः 9 हजार 5 सौ कुल मिलाकर 28 हजार रूपए की निकासी कर लिया। बचा 5 हजार रुपए किसान के पुत्र अमनदीप ने अपने जीजा पर ट्रांसफर कर 5 हजार रूपए बचाने में कामयाब रहा। इस बाबत पीड़ि किसान ने ताजपुर थानाध्यक्ष शनि कुमार मौसम को आवेदन देकर सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपी को पकड़ने एवं रूपये बरामदगी की गुहार लगाई है। भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने एटीएम फ्राड गिरोह का क्षेत्र में सक्रिय होने की बात बताते हुए पुलिस से गिरोह पर कारवाई करने की मांग की है।

# बिहार में शिक्षा-परीक्षा-बहाली पर माफिया तंत्र का कब्जा:सुनील कुमार सिंह

नई सोच एक्सप्रेस

### नौकरियों में 70 प्रतिशत डोमिसाइल लागू हो-रौशन कुमार



**» पंचायत स्तर पर उच्च विद्यालय एवं डीग्री कालेज खुले -सुरेंद्र प्रसाद सिंह**

**समस्तीपुर/ताजपुर।** आइसा-आरवाईए द्वारा बदलो बिहार छात्र-युवा संघर्ष यात्रा का ताजपुर पहुंचने पर स्थानीय आइसा-आरवाईए एवं भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल छात्र-युवा नेताओं को डंका बजाकर आगवानी किया। गांधी चौक पहुंचने पर छात्र-युवा नेताओं को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर महात्मा गांधी के प्रतिमा एवं रविदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता आरवाईए के जिला अध्यक्ष आसिफ होदा ने की। सभा का संचालन भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। सभा को संबोधित आइसा राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी, आरवाईए के जिला सचिव रौशन कुमार, आइसा जिला अध्यक्ष लोकेश राज, दीपक यदुवंशी , गौतम कुमार, मो० फ़ैज़, मनीषा कुमारी, मो० एजाज, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, जीतेंद्र सहनी, मुकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, रत्न सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, ललन दास आदि ने किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए आइसा के जिला सचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में शिक्षा -परीक्षा एवं बहाली पर राज्य सरकार के संरक्षण में माफिया तंत्र का कब्जा है। चाहे बीपीएससी का परीक्षा हो, शिक्षक पात्रता परीक्षा हो, पुलिस भर्ती परीक्षा हो या कोई अन्य परीक्षा, सभी का पेपर लीक हुआ है और इस प्रक्रिया में योग्य अभ्यर्थी भी छट जाते हैं। बीपीएससी परीक्षा में भी गड़बड़ी हुई है। बीपीएससी पीटी परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा लेने, परीक्षा-पेपर लीक व बहाली में अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराने, शिक्षा-परीक्षा-पेपर लीक पर सख्त कानून बनाने, जेल में बंद छात्र-शिक्षक को बिना शर्त रिहा करने एवं उन पर दर्ज मुकदमा वापस लेने, विश्वविद्यालयों में व्याप्त आर्थिक-प्रशासनिक अनियमितता पर रोक लगाने की मांग की। आरवाईए के जिला सचिव रौशन कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए पंचायत स्तर पर उच्च विद्यालय एवं डीग्री कालेज खोलने, नौकरियों में 70 प्रतिशत डोमिसाइल लागू करने, 5 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने, छात्र संघों का चुनाव कराने, युवा आयोग का गठन करने की मांग की। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आइसा के स्थानीय नेता जीतेंद्र सहनी ने 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में भाकपा-माले द्वारा आहूत बदलो बिहार महाजुटान रैली को बड़ी भागीदारी से सफल बनाने की अपील प्रखंड के छात्र-युवाओं से की।

## सड़क हादसा में बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर/उजियारपुर।** प्रखंड के चांद चोर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सामने एनएच 28 पर भीषण सड़क हादसा हुई। लोगों के द्वारा बताया गया कि समस्तीपुर से आ रही कोच बस की रफ्तार काफी तेज था सड़क क्रॉस कर रहे एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आपस में टकरा जाती हैं जिससे बाइक सवार व्यक्ति को घटनास्थल पर ही मौत हो जाती हैं मोटरसाइकिल बस में फस जाने पर 1 किलोमीटर तक की घसीटते हुए चला जाता है घटना की जानकारी बस ड्राइवर को होने पर भागने की कोशिश की वहीं स्थानीय लोगों की सहायता से बस ड्राइवर को पकड़ लिया गया मृतक की पहचान राम नंदन सिंह उम्र 50 वर्ष पिता राम लखन सिंह बाजितपुर वार्ड 13 की बताई जा रही हैं घटना की जानकारी उजियारपुर थाना को दिया गया उजियापुर थाना घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जायजा लेते हुए सबको पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेज दिया गया वही ग्रामीणों ने बताया गया कि समस्तीपुर से दलसिंहसराय जाने वाली सड़क को करीब तीन घंटा तक जमकर मुआवजा की मांग की जा रही थी मृतक के परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## शब-ए-बारात को लेकर कब्रिस्तान की गई सफाई

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर/हसनपुर।** इमली चौक पुल स्थित कब्रिस्तान को बुधवार की दोपहर साफ सफाई की गई। शब-ए-बारात मुस्लिम समुदाय के लिए काफी नेक व इबादत का पर्व माना जाता हैं। इसे शबे बारात, लैलतुल बारात जैसे नामों से भी जाना जाता है। दरअसल, इस पर्व को क्षमा की रात के रूप में मनाते हैं। इस दिन अल्लाह से अपनी गुनाहों की माफी मांगने के साथ अपनी पूर्वजों की क़बों के पास जाकर दुआ मांगते हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं कि उन्हें जन्नत नसीब हो। इस्लामिक कैलेंडर का 8वां महीना शाबान का होता है और इसी महीने की 15वीं तारीख को शब ए बारात मनाया जाता है। शब-ए-बारात से पहले प्रखंड सहित ग्रामीण क्षेत्रो में मुस्लिम कब्रस्तिानों की सफाई शुरू कर दी गयी है। प्रखंड क्षेत्र के सपरी, सिरसिया, शासन, रामपुर सहित सभी जगहों पर कब्रिस्तानों की सफाई हुई। जमीयत उलेमा ए हिंद के हसनपुर बाज़ार सेकेट्री मो. सुल्तान ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी इमली चौक पुल स्थित कब्रिस्तान की पूरी तरह सफाई कर दी गयी है। ताकि जायरिनों को किसी भी प्रकार का दिक्कत न हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### संत रविदास जयंती बड़े धूम धाम से मनाया



**कटिहार**। जिला मुख्यालय कटिहार में स्थित अरुण चौधरी सरस्वती शिशु मंदिर में आज संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़े धूम धाम से मनाया गया।मुख्य अतिथि के रूप में छोटू ऋषि जो कि अति पिछड़ा वर्ग से आते हैं। उनके द्वारा दीप जलाकर जयंती मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सचिव अमित कुमार गुप्ता उर्फ़ बबलू गुप्ता ने कहा कि आज के इस छुआ छुत् के समय मे भी सरस्वती शिशु मंदिर किसी भी प्रकार के जातिवाद से दूर है। उन्होंने संत शिरोमणि रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास चमार जाति से आते थे। उन्होने पूरे देश को संदेश दिया था कि जाति बड़ी नही होती हैं। कर्म प्रधान होता है।ब्राह्मण मत पूजिये जो होवे गुण हिन ,, पूजिये चरण चांडाल का जो होवे गुण प्रवीण। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य रेखा देवी आचार्य अभिमन्यु झा,नीतू,नेहा उपस्थित रही ।

### हर साल की भाँति इस साल भी बाबा वीरभद्र स्थान में नवाह का ऐतिहासिक कार्यक्रम होगाः सचिव कन्हैया कुमार



**मंझौल, बेगूसराय**। आज बाबा वीरभद्र महादेव स्थान मंझौल के प्रांगण में 9 दिवसीय नवाह के आयोजन को लेकर एक बैठक बुलाया गया। जिसमें आयोजन को लेकर 15 सदस्य कमेटी बनाया गया। कमेटी में संयोजक मनोज उर्फ मोहन सिंह, अध्यक्ष विजयशंकर सिंह, उपाध्यक्ष रामाधार सिंह एवं प्रो संजय सिंह, सचिव कन्हैया कुमार (अभाविप), कोषाध्यक्ष सोनेलाल सिंह, कमेटी के सम्मानित सदस्य खरगनारायण सिंह उर्फ डब्ल्यू, बल्लभ बादशाह उर्फ जुगनू, अमित कुमार सिंह गप्पू, मुकुंद, पूर्व सरपंच अनिल सिंह, वीरभद्र, सदानंद गिरी, दीपक गिरी हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सामूहिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इसी अवसर पर अध्यक्ष विजयशंकर सिंह एवं सचिव कन्हैया कुमार ने कहा कि बाबा वीरभद्र महादेव स्थान में नवाह के माध्यम से क्षेत्र के विकास एवं सुख-शांति के लिए 10 दिनों तक कार्यक्रम 17 फरवरी से लेकर 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन तक होगा। जिसमें कमेटी के सभी सम्मानित सदस्य विधिव्यवस्था को लेकर आज से कार्यक्रम के सफलता के लिए व्यवस्थित रूप से एकजुट होकर लगेंगे। मौके पर अरुण सिंह, नमूना झा, अमित कुमार सिंह गप्पू, रामसागर सिंह, बिट्टू, नून्नू सिंह, कुकड़ू, ललन सिंह, कृष्णमोहन, अशोक झा, रूपेश सिंह आदि दर्जनों सदस्य उपस्थित हुए।

### वेब डिजाइनिंग पर आधारित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन



**लक्खीसराय**। एमएसएमई विकास कार्यालय पटना के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ने लखीसराय स्थित RIT अकादमी में वेब डिजाइनिंग पर आधारित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम किया । लखीसराय के आर आई टी अकादमी के सभागार में आज एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के पटना स्थित एमएसएमई विकास कार्यालय के द्वारा वेब डिजाइनिंग पर आधारित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के 60 युवक और युवतियों में भाग लिया। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के पटना स्थित एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ने उपस्थित लोगों को एमएसएमई की क्रियाकलापों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया और लोगों को अपने क्षेत्र में उद्योग लगाकर समाज में उत्पन्न बेरोजगारी की समस्या का समाधान देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन MSME पटना के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने एमएसएमई मंत्रालय के विभिन्न क्रियाकलापों, उद्योग के लिए मिलने वाले सहायता और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को भारत सरकार एवं बिहार सरकार उद्योग विभाग की महत्वाकांक्षी उद्यमी योजना से जुड़कर उद्योग क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक श्री अंकेश कुमार ने उपस्थित बेरोजगार युवक युवतियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। RIT अकादमी, लखीसराय के निदेशक श्री अमर तिवारी, श्री राजन तिवारी और श्री गुलशन कुमार ने वेब डिजाइनिंग पर आधारित उद्योग के बारे में बहुत सी जानकारियां प्रदान किया। MSME के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ने अपने मंत्रालय के द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारियां लोगों को प्रदान किया और लोगों से इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आने को कहा। श्री राजेश कुमार सिंह ने भी लोगों को उद्योग लगाकर बेरोजगारी दूर करने में भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में श्रीमती कुमारी सपना ने उपस्थित लोगों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया और धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।

### महाराष्ट्र के चंद्रशेखर बावनकुले का नेतृत्व सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गौरव के मार्ग को परिभाषित करता है



**जहानाबाद**। महाराष्ट्र के लिए एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में चंद्रशेखर बावनकुले विकास, सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। बावनकुले ने एक विशेष वार्तालाप में बताया उन्होंने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक शक्तिशाली ताकत के रूप में बावनकुले का नेतृत्व इस क्षेत्र में बहुत जरूरी बदलाव ला रहा है। यह सुनिश्चित करते हुए कि परंपरा और प्रगति दोनों साथ-साथ चलें। उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक भारत सदनाम का शुभारंभ है जो भारत की समृद्ध विरासत का सम्मान करने के लिए बनाया गया एक सांस्कृतिक केंद्र है। कोराडी में स्थित यह केंद्र भारत के गौरवशाली इतिहास और आध्यात्मिक यात्रा के लिए एक जीवंत उदाहरण है। यह ऐतिहासिक केंद्र एक ऐसा मनोरम स्थान है जहाँ आगंतुक भारत की संस्कृति का ऐसा अनुभव कर सकते हैं जैसा पहले कभी नहीं किया। लेकिन बावनकुले का दृष्टिकोण सिर्फ़ अतीत को संरक्षित करने तक ही सीमित नहीं है। आधुनिक समय के सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी उतनी ही प्रभावशाली है। लाडली बहना योजना (मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना) जैसे कार्यक्रम महाराष्ट्र में हज़ारों महिलाओं के लिए जीवन रेखा बन गए हैं जो वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं, परिवारों को सशक्त बनाते हैं और जीवन को नया आकार देते हैं। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ राष्ट्रीय गौरव से जुड़े दिन पर, बावनकुले की पहल को नई गति मिली। उनका नेतृत्व न केवल महाराष्ट्र के सांस्कृतिक संरचना को बढ़ा रहा है बल्कि महिला सशक्तिकरण और सतत विकास के प्रति उनके समर्पण को भी मजबूत कर रहा है।

## मुंगेर में गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बने राजन कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंगेर**। अपने व्यस्त शेड्यूल में से समय निकालकर गांव में हो रही सोशल एक्टिविटी में शामिल हुए हीरो राजन कुमार कई अच्छे कार्यक्रमो का हिस्सा बन कर युवाओं के बीच अपने अनुभवों को साझा करते रहते हैं। यही वजह है कि हवेली खड़गपुर मुंगेर के एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में वाटर शेड के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजन कुमार ने युवाओं को प्रेरित किया। वैसे तो राजन कुमार की कई क्रिकेटरों से मुलाकात है लेकिन राजन कुमार की फील्ड अलग है वह अभिनय के क्षेत्र में कमाल करते हैं। दुनिया भर में लोग इन्हें चार्ली चैपलिन द्वितीय के नाम से बुलाते हैं। कई बड़े राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में इनकी शिरकत होती है। मगर गांव देहात में जाकर वहां के युवाओं को प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी राजन कुमार की है। यही वजह है कि हवेली खड़गपुर के प्रखंड में पहुंचकर सफलतापूर्वक पूरा समय देकर इन्होंने युवाओं में उत्साह भरा। क्रिकेट मैच को सफल बनाया। ग्रामीणों का इन्हें बेपनाह प्यार मिला। ऑफिसर्स और ग्रामीणों के बीच क्रिकेट मैच वाटर शेड प्रोमोशन के अंतर्गत कराया गया था। कृषि विभाग के इस अभियान को राजन कुमार ने समझा इसपर अमल किया और लोगो को प्रेरित भी किया। राजन कुमार वाकई एक ब्रांड एंबेसडर हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपनी कविता सुनाना बड़ी बात है। आने वाले समय मे हीरो राजन कुमार और भी ऐसे कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

## बुद्धनगर भरतखण्ड में संत रविदासजी की जयंती मनाई गई

नई सोच एक्सप्रेस



**खगड़िया**। जिले के परबत्ता प्रखंड के सौ ढ उत्तरी पंचायत के बुद्धनगर भरतखण्ड गांव के रविदास बैठका में संत शिरोमणि रविदासजी महाराज की 648वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। सुबह 10 बजे से माल्यार्पण के साथ भव्य शोभायात्रा बुद्धनगर भरतखण्ड रविदास बैठका से शुरू होकर बुद्धनगर भरतखण्ड, विकासनगर, भरतखण्ड ड्योढ़ी, विकासनगर, दुधैला, कोर चक्का तक निकाला गया। शोभायात्रा का नेतृत्व शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और रविदास नवयुवक संघ कर रहे थे। शाम 4 बजे से सत्संग का आयोजन भी किया गया। सत्संग कार्यक्रम का उदघाटन शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और महंत राबिन साहेब ने संयुक्त रूप से किया। सत्संग कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने किया। महंत राबिन साहेब ने संत रविदास की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत शिरोमणि रविदासजी महाराज कहते थे कि कोई भी व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं होता है, लेकिन अपने कर्मों से छोटा बड़ा होता है। भगवान व्यक्ति के हृदय में वास करते हैं, जहां किसी तरह का बैर भाव नहीं होता है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास का जन्म उत्तरप्रदेश के वाराणसी में हुआ था। गुरु रविदास को रैदास भी कहते हैं। संत रविदास ने रविदासियपंथ की स्थापना की थी। इन्हें संत शिरोमणि भी कहा जाता है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि गुरु रविदास भक्ति आंदोलन के संत भी थे। उन्हें भक्तिगीतों और छंदों ने भक्ति आंदोलन पर प्रभाव डाला था। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि संत शिरोमणि रविदासजी महाराज ने जातिवाद, भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई एवं समाज को समानता और भाईचारा का संदेश दिया। संत रविदासजी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि संत रविदास निर्गुण परंपरा के संत थे। मौके पर महंत राबिन साहेब, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, उत्कर्ष कुमार, सार्थक राज, निरंजन दास, राजकुमार दास, जवाहर, गोविंद दास, सियाराम दास, अभिनंदन दास, मिथुन दास, सत्यम, मनोरंजन, शेखर दास , आशीष कुमार और टुनटुन दास मौजूद थे।

## पेपरफ्राई ने जारी की 'होम रिपोर्ट कार्ड रिवाइंड 2024'

नई सोच एक्सप्रेस




**» घर के डिजाइन ट्रेंड्स और उपभोक्ताओं के बदलते रूझानों का हुआ खुलासा**

**मुंबई**। भारत के प्रमुख फर्नीचर और होम गुड्स ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पेपरफ्राई ने अपनी 'होम रिपोर्ट कार्ड रिवाइंड 2024' जारी की है। इस रिपोर्ट में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और घर की डिजाइन में आए बदलावों पर जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में भारतीय उपभोक्ताओं की खरीदारी आदतें बदल चुकी हैं। अब लोग अपने घरों के लिए ज्यादा व्यक्तिगत, सुंदर और स्थान बचाने वाले समाधान पसंद कर रहे हैं। पेपरफ्राई के विश्लेषण में यह देखा गया कि मल्टी-फंक्शनल फर्नीचर, आकर्षक होम मेकओवर्स और स्थान बचाने वाले समाधान इस साल उपभोक्ताओं की पसंद बने हैं। ट्रेंड में रहने वाले कुछ उत्पाद हैं। वॉल डेकोर, सोफा थ्रोस, एब्सट्रैक्ट कारपेट्स, मैट फिनिश सर्ववेयर, हाइड्रोलिक बेड्स और फोल्डिंग डाइनिंग टेबल्स। ये बदलाव इस बात को दर्शाते हैं कि लोग अपने घरों में ज्यादा जगह का इस्तेमाल करना चाहते हैं, साथ ही उसे सुंदर और व्यक्तिगत बनाना भी चाहते हैं। उपभोक्ता अब अपने घरों को अधिक व्यवस्थित और स्टाइलिश बनाने पर जोर दे रहे हैं, जिससे होम डेकोर, फर्नीशिंग्स और किचन एक्सेसरीज एक नया प्रमुख श्रेणी बन गए हैं। इस बढ़ती मांग का कारण यह है कि लोग अब ऐसे डिजाइन और वर्किंग स्पेस बनाना चाहते हैं जो अच्छे से व्यवस्थित और आकर्षक हो। यह ट्रेंड आगे भी जारी रहने की संभावना है, और इस दिशा में और भी नई नवाचार देखने को मिल सकती हैं। आशीष शाह, सीईओ, पेपरफ्राई ने कहा,''होम रिपोर्ट कार्ड रिवाइंड 2024' हमारी दूसरी रिपोर्ट है, जो 2023 के बाद आई है और यह भारत में फर्नीचर और घरेलू सामान की खपत में हो रहे बदलाव को साफ दिखाती है। जो ट्रेंड्स हम देख रहे हैं, खासकर मल्टी-फंक्शनल फर्नीचर और स्मार्ट डिजाइन, ये इस बात का संकेत हैं कि लोग अपने घरों को कैसे नया तरीके से देख रहे हैं। हम इस बदलाव का हिस्सा बनकर खुश हैं और लगातार नए-नए आइडिया लाकर बाजार की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देना हमेशा हमारी प्राथमिकता है।'' रिपोर्ट में नॉन-मेट्रो शहरों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया गया है, जहां 2024 में 40% से ज्यादा नए ग्राहक उभरे हैं। गोवा, नागपुर, कोच्चि, वडोदरा, भोपाल और लखनऊ जैसे शहरों में फर्नीचर और होम गुड्स की मांग बढ़ी है। पेपरफ्राई इस बदलाव को देखते हुए नए स्टोर खोलने, ओमनीचैनल सेवाएं देने और तेजी से अंतिम छोर तक डिलीवरी करने की दिशा में काम कर रहा है। 2024 में स्मार्ट फर्नीचर और टिकाऊ, स्थान बचाने वाले होम गुड्स का उदय हुआ है। केरल और हिमाचल प्रदेश में बांस से बने फर्नीचर और अपसाइकल डेकोर का चलन बढ़ रहा है। मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में, सोफा-कम-बेड्स जैसे स्थान-बचाने वाले समाधान अब बिक्री का 35% से अधिक हिस्सा बन रहे हैं, जो छोटे और मॉड्यूलर डिजाइनों की ओर बढ़ते हुए बदलाव को दर्शाता है। पेपरफ्राई का नया ओमनीचैनल तरीका बिजनेस को बढ़ा रहा है, क्योंकि यह ग्राहकों को ऑनलाइन आराम और ऑफलाइन मदद का अच्छा संतुलन देता है। 135+ स्टोरों और 80+ शहरों में अपनी मौजूदगी के साथ, पेपरफ्राई को 70% से ज्यादा फुटफॉल-टू-पर्चेज कंवर्जन रेट मिल रहा है, जो यह दिखाता है कि डिजिटल और फिजिकल दोनों टचपॉइंट की अहमियत है। स्टोर पर किए गए ऑर्डर ऑनलाइन ऑर्डर से तीन गुना ज्यादा मूल्य वाले साबित हो रहे हैं, जो पेपरफ्राई द्वारा 2024 में शुरू किए गए असिस्टेंट बाइंग की सफलता को दिखाता है। त्योहारों के दौरान, खासकर दीवाली में, लाइटिंग और डेकोर की मांग में 150% की बढ़ोतरी हुई। बेंगलूरु देर रात शॉपिंग करने वाला सबसे बड़ा शहर बन गया, जबकि अहमदाबाद ने गोवा से 20% ज्यादा बारवेयर खरीदी, जो दिखाता है कि होम डेकोर में स्टाइल कार्यक्षमता से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

## एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने दो ब्रांडों के विलय की घोषणा की

नई सोच एक्सप्रेस



**बेगूसराय**। एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने इंडिया एनर्जी वीक, 2025 का उपयोग अपने मिश्रित ब्रांड इकाई की घोषणा के लिए मंच के तौर पर किया। मिश्रित ब्रांड के नए रूप का अनावरण एक समारोह के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) के चेयरपर्सन डाक्टर अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर थिंक गैस के चेयरमैन श्री अमितव सेनगुप्ता और थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलाष गुप्ता, ए. रमना कुमार, सदस्य – पीएनजीआरबी और ताकेशी शिनोहारा सैन, एमडी, ओसाका गैस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहे। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) क्षेत्र में दो प्रमुख ब्रांड एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस अब एक सिंगल ब्रांड-थिंक गैस के तहत परिचालन करेंगे और परिचालन कार्यक्षमता का उपयोग करते हुए बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाएंगे। अब विलय के बाद यह ब्रांड 10 राज्यों के 50 जिलों को कवर करते हुए 18 करोड़ से अधिक की आबादी को सेवाएं देगा। पीएनजीआरबी के चेयरपर्सन डाक्टर अनिल कुमार जैन ने इस नए ब्रांड का अनावरण करते हुए कहा, "मैं एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस को उनके विलय उपरांत नई ब्रांड पहचान थिंक गैस बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। नए ब्रांड की लांचिंग पर थिंक गैस के चेयरमैन श्री अमितव सेनगुप्ता ने कहा, "एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस के इस रणनीतिक ब्रांड विलय से हम हमारे संयुक्त ब्रांड को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकेंगे और एक अग्रणी ऊर्जा कंपनी के तौर पर हमारी स्थिति मजबूत होगी। थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलाष गुप्ता ने कहा, "पिछले पांच वर्षों में एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने एक मजबूत प्रतिष्ठा स्थापित की है और अपने अपने बाजारों में ब्रांड की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर फिर सटीक भविष्यवाणी सिख या दलित बनाया जा सकता है

नई सोच एक्सप्रेस

**» जाट पूर्वांचल उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है**



**नई दिल्ली**। माता काली के भक्त गुरु जी राजू चंदेल ने पहले भी सटीक भविष्यवाणी दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर की थी की दिल्ली में 40 से 50 के बीच में विधानसभा की सीट भारतीय जनता पार्टी जीतेगी इसके लिए उन्होंने गुप्त नवरात्रों में कोलकाता में जाकर कालीघाट शक्ति साधना बकरे की मां काली को भेट चढ़ाई थी 1 फरवरी 2025 प्रथम गुप्त नवरात्रि के दिन भारतीय जनता पार्टी की जीत को लेकर अब उन्होंने फिर से अपनी सटीक भविष्यवाणी करते हुए कहा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री सिख या दलित चेहरा हो सकता है और उपमुख्यमंत्री पूर्वांचल तथा जाट हो सकता है। गुरु जी राजू चंदेल ने कहा कि इस वक्त दलित और सिख समुदाय के मुख्यमंत्री बनने के योग बन रहे हैं और ऐसा करने से आने वाले पंजाब चुनाव में सिख समाज का और अत्यधिक भरोसा भारतीय जनता पार्टी पर बनेगा दूसरी तरफ दलित समाज की दिल्ली में 30% आबादी है और अब तक दिल्ली में कोई भी दलित मुख्यमंत्री नहीं रहा है और पिछले 70 वर्षों से दलितों का कांग्रेस पार्टी अनादर व शोषण करती चली आ रही है और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान भी करती चली आ रही है इसके मध्य नजर भी दलितों को सम्मान देने के लिए दलित मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है इसीलिए सारे नक्षत्र और घटनाक्रम दलित सिख की तरफ इशारा कर रहे हैं । देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा ही दलित पिछड़े हुए और जो कतार में सबसे पीछे खड़ा होता है उसी को आगे लेकर आते हैं भारतीय जनता पार्टी में भाई भतीजाबाद के आधार पर मुख्यमंत्री कभी भी तय नहीं किया जाता और ना ही विरासत के आधार पर मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी में कभी बनाया जा जाता है। देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा ही नए युवा चेहरों को और कतर में सबसे पीछे की पंक्ति में खड़े व्यक्ति को ही सत्ता सोपते हैं । ऐसा इस बार भी देखने को मिल सकता है जितने भी लोग हवा बाजी कर रहे हैं लोगों की अफवाओं पर प्रसन्न चिन्ह लग जाएगा और मुख्यमंत्री दिल्ली का इस बार दलित या सिख ही बनेगा जो की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विजन है और सोच है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा है कि गरीब और पिछड़ों को आगे लाना है भाई भतीजाबाद को खत्म करना है विरासत की राजनीति को खत्म करना है सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार दिल्ली की सत्ता पर मुख्यमंत्री के रूप में दलित या सिख चेहरा दिल्ली वासियों को दे सकते हैं

## कादोगांव में माघी पूर्णिमा मेला एक दिवसीय आयोजित किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**किशनगंज**। बुधवार को ठाकुरगंज प्रखंड के सुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत कादोगांव में एक दिवसीय माघी पूर्णिमा उत्तर वाहिनी मेला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि रसमुदीन ने किया। मेला में तरह-तरह की बच्चों का खेल झोला चरखा हर प्रकार की दुकान लगा है। इस मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिन्देस कुमार राय समाजसेवी परेश कुमार सिंह सहित अन्य में मेला के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि। यह माघी पूर्णिमा मेला वर्षो से हमारे पुरखों ने एक दिवसीय मेला बाजार का आयोजित करते आए हैं। जिससे हर साल की तरह इस बार भी हम सभी कमेटी के लोगों के द्वारा माघी पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया है। इस मेला को कामयाब बनाने के लिए हर समुदाय के लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं। गंगा जमुना तहजीब का मिसाल पेश करते हुए दोनों समुदाय के लोग मेला की देखरेख कर मेहमानों के लिए विशेष ख्याल रखा जाता है। यही नहीं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल के भी लोग इस मेला में आते हैं। और मेला देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की काफी भीड़ होते हैं। वहीं मुखिया प्रतिनिधि रसमुद्दीन कहते हैं कि यह मेला हमारे कादोगांव हाट का पहचान है। हर गांव हर पंचायत के लोग इस मेला में आते हैं और लुफ्त उठाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था सामान्य बनाए रखने में स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी काफी अहम भूमिका रहता है। प्रशासन के द्वारा मेला के दौरान लोगों पर कड़ी नजर रखी जाती है। इस दौरान मुख्य रूप से वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिन्देस कुमार राय परेश कुमार सिंह अजीज हसन विनोद सहनी तौसीफ राजा रोहित शाह इफ्तिखार आलम अंजार आलम शाहनवाज हुसैन सहित अन्य रहे मौजूद।

## भाजपा ठाकुरगंज नगर नें संत रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज** भारतीय जनता पार्टी ठाकुरगंज नगर द्वारा गोथरा दलित बस्ती मे संत शिरोमणि रवि दास जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अतुल सिंह नें किया. उपस्थित भाजपा कार्यकर्त्ता नें संत रविदास जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए. उपस्थित वक्ताओं मे नगर अध्यक्ष अतुल सिंह कार्यक्रम प्रभारी अरुण सिंह भाजपा नेता अमित सिन्हा अमरजीत पासी मनोज पासवान नें कहा की संत रविदास जी का इतिहास भक्ति आंदोलन से जुड़ा है। वें एक कवि, समाज सुधारक और आध्यात्मिक व्यक्ति थे उन्होंने जातिवाद और लिंगवाद का भेदभाव दूर करने की शिक्षा दी। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अतुल सिंह कार्यक्रम प्रभारी अरुण सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश जैन लोजपा नेता किशनबाबू पासवान भाजपा नेता अमित सिन्हा लक्ष्मण राम गौरव गुप्ता बिप्लोब कर्मकार अमरजीत पासी मनोज पासवान खोखा सरकार चंदना मजूमदार बच्चू मंडल राहुल पासवान साजन जायसवाल मनोज चौधरी राजू पासवान आदि मौजूद रहें।

## विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची महापौर उषा देवी अग्रवाल



नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार**। कटिहार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 03 में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण नगर निगम की महापौर उषा देवी अग्रवाल पहुंची। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने वार्ड में हो रही साफ सफ़ाई की समीक्षा कर स्थानीय लोगों की विभिन्न समस्याओं से अवगत होकर पदाधिकारी को जल्द से जल्द समस्या का निदान हेतु निर्देश दी। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा वार्ड के आवासीय योजना का लाभ लेने वाले लाभुकों के आवास पर भी जाकर उनके भी घर का निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर उषा देवी अग्रवाल ने बताया कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने को लेकर लगातार नगर निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है। उसी का निरीक्षण करने आज वार्ड नंबर 03 पहुंचकर यहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं से अवगत हुई हूं। इस मौके पर स्थानीय निगम पार्षद ममता देवी,पार्षद प्रतिनिधि संजय तांती,भाजपा नेता सन्नी तांती, नगर निगम के कनिय अभियंता विश्वजीत कुमार, गौतम कुमार, स्वच्छता प्रशाखा के राजीव कुमार, राजीव चाकी, आवास योजना के सहायक अभिषेक कुमार, पंकज नायक, सुनील कुमार एवं अन्य पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां

किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाने की महिला की सहमति उसके निजी पलों को वीडियो में कैद करने और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं माना जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी के कृत्य को अदालत ने स्पष्ट तौर पर ब्लैकमेलिंग बताया। शिकायतकर्ता ने परिचित पुरुष से कर्ज लिया जिसे नौकरी प्राप्त होने के बाद चुकाने का वादा था। इस दरम्यान दोनों में नजदीकियां बढ़ती गई और वे वाट्सएप पर बातें करने लगे। वीडियो कॉल के दौरान वह जो कहता, महिला वही करती। प्रेमालाप के दौरान दोषी ने उसे बरगला कर कपड़े उतवाए और नग्न वीडियो बना लिया।

बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अनबन होने पर दोषी ने यह वीडियो उसके पैतृक गांव के कुछ लोगों व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि कर्ज की राशि प्राप्त न होने के कारण उसने यह कदम उठाया। चूंकि मामले में महिला मासूम नहीं है। वह विवाहित और परिपक्व है। भावावेशवश, लाभ के लोभ में, मजबूरन या ब्लैकमेलिंग के चलते जो कुछ करने को वह राजी हुई, उस पर अपने धन की वसूली के नाम पर दोषी ने जो तरीका इख्तियार किया वह किसी स्त्री की गरिमा, निजता और अधिकारों पर अतिक्रमण है। हालांकि महिलाओं को सहमति से संबंध बनाने के बावजूद इतना सतर्क और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय लेने से नहीं चूकना चाहिए जो विपरीत स्थितियों में उनके खिलाफ हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा सके। पूर्व प्रेमियों के ऐसे दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां अमूमन ब्लैकमेलिंग की शिकायतें करने से भी घबराती हैं। पुरुषों द्वारा अंतरंग संबंधों या नग्न तस्वीरों को हथियार की तरह प्रयोग के प्रति महिलाओं को जागरूक रहना होगा। अपनी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं को झूठी शान व इज्जत के नाम पर तरह-तरह से शोषित किया जाता है। अमूमन पीड़िताएं इस विषम स्थिति से घबरा कर अपना जीवन ही समाप्त कर लेती हैं। अदालत की सख्त टिप्पणी और कड़ी सजा के जरिए दोषियों को भी सीख दी जानी जरूरी है ताकि वे सहमति से बने संबंधों की गोपनीयता को हथियार बना कर अपने ही हाथ जलाने का जोखिम लेने से घबराएं।

# देश का पार्टी तंत्र बनाम लोकतंत्र



आरती कुमारी

हम देखते हैं कि राजनीति में कई बार ऐसा होता है कि जनता किसी पार्टी का विधानमंडल में पूर्ण रूप से सफाया कर देती है, परंतु कुछ समय पश्चात फिर वही पार्टी और जनता द्वारा सत्ता से खदेड़ कर बाहर किया गया पार्टी का वही चेहरा हमारे सामने प्रचंड बहुमत के साथ आ खड़ा होता है। जिस राजनीतिक दल या व्यक्ति को एक प्रमुख चेहरे के रूप में हमने मरा हुआ समझ लिया था या अतीत का इतिहास बन गया समझ लिया था वही फिर जीवंत होकर लौट आता है। क्या जनता उस पर कृपा करती है या वह व्यक्ति इतना अधिक कर्मठ और संघर्षशील प्रवृत्ति का होता है कि फिर लौट आता है ? जहां यह प्रश्न है वहीं यह भी प्रश्न है कि राजनीति में लोग जिंदा क्यों बने रहते हैं ? केजरीवाल के पतन के संदर्भ में इन प्रश्नों पर विचार किया जाना आवश्यक है। भविष्य में केजरीवाल लौटेंगे या जनता उन पर कृपा करेगी या कोई मजबूरी बनेगी कि वह फिर लौट आएंगे ? इसी प्रकार राहुल गांधी जैसे चेहरे पर भी विचार करना चाहिए कि क्या 90 बार विधानसभाओं और संसद के चुनाव हारने का कीर्तिमान बनाने वाला यह चेहरा किसी कर्मठ और संघर्षशील व्यक्तित्व का चेहरा है ? और क्या यह भविष्य में सत्ता शीर्ष पर पहुंचा तो अपने संघर्ष के कारण पहुंचेगा या किसी मजबूरी के कारण जनता उस पर कृपा करेगी ? इन प्रश्नों पर विचार करने से पूर्व हम यह जान लें कि लोकतंत्र योग्यता को आगे लाने की एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था है जो सर्वोत्तम को प्राथमिकता प्रदान करती है। यह विचार सबको अच्छा लगता है । बस, लोकतंत्र की इसी विशेषता के कारण लोकतंत्र को पसंद किया जाता है, परंतु स्मरण रहे कि इस लोकतंत्र के साथ पार्टीतंत्र भी जुड़ा हुआ है और यह पार्टी तंत्र ही है जो लोकतंत्र के इस सर्वोत्तम विचार या सर्वश्रेष्ठ विशेषता की हत्या करता है। विचार किया जाए तो पता चलता है कि जहां लोकतंत्र योग्य लोगों को सामने लाने की भावना पर बल देता है, वहीं पार्टी तंत्र अयोग्य लोगों के माध्यम से लोकतंत्र को हड़पने का या उसकी हत्या करने का काम करता है । पार्टी तंत्र में अयोग्य लोग अपनी योग्यता को छिपाकर योग्य बने रहने का नाटक करते रहते हैं। यह एक जुआ है, जिसमें जनता द्वारा नकारे जाने के उपरांत भी लोग अपनी किस्मत को दांव पर बार बार लगाते रहते हैं। योग्य लोग पीछे हटा दिए जाते हैं और अयोग्य लोग सामने बैठकर दांव लगाते रहते हैं। पार्टी तंत्र में योग्यता का उपहास किया जाता है। योग्यता से लगभग शून्य पार्टी तंत्र मूर्खों का सम्मान करते हुए आगे बढ़ता रहता है। बस, इसी बात को समझने की आवश्यकता है। ऊपर लिखे सभी प्रश्नों का उत्तर आपको अपने आप मिल जाएगा। पार्टी तंत्र में लोकतंत्र की हत्या करके लोकतंत्र का छद्म रूप धारण किया जाता है और लोकतंत्र के योग्यता को प्रणाम करने के संस्कार को पार्टी तंत्र बहुत पीछे छोड़कर आगे बढ़ता हुआ दिखाई देता है। जिससे जनता भ्रमित हो जाती है। केजरीवाल जैसे लोगों को यदि जनता पीछे हटाकर फेंक भी देती है तो भी वह राजनीति में जुआ के खेल में लगे रहकर इस बात की प्रतीक्षा करते रहते हैं कि जब सत्ता में आई हुई पार्टी से लोगों का मन भर जाएगा तो फिर हमको ही चुना जाएगा। इस प्रकार लोकतंत्र अयोग्य लोगों की जूठन में से योग्य व्यक्ति को तलाशने की एक प्रक्रिया बनकर रह जाता है। जनता के पास बड़े से बड़े मूर्खों के बीच में से छोटे मूर्ख को चुनने की मजबूरी होती है। जब उसके सामने कोई योग्य व्यक्ति खड़ा हुआ दिखाई नहीं देता तो उसे मूर्खों में से ही अपने लिए किसी छोटे मूर्ख को चुनना उसकी मजबूरी होता है । कई बार जिसको वह पूर्व में आजमा चुकी होती है, उसे चुनने की मजबूरी भी उसके सामने आ जाती है। तब वह ऐसे किसी व्यक्ति या राजनीतिज्ञ पर कृपा नहीं कर रही होती अपितु अपनी मजबूरी का प्रदर्शन कर रही होती है। जिसे पार्टी तंत्र के द्वारा ढोल बजाकर इस प्रकार महिमा मंडित किया जाता है कि अमुक नेता बहुत ही संघर्षशील व्यक्तित्व का धनी है ? हम जनता की मजबूरियों को जनता की कृपा समझ लेते हैं और नेता की चालाकियों को उसका संघर्षशील व्यक्तित्व समझ लेते हैं । यदि एक मूर्ख के सामने 10 योग्य से योग्य विद्वान खड़े हों और जनता उनमें से चुनाव करें तो यह कहा जा सकता है कि हम वास्तव में लोकतंत्र में जी रहे हैं। उसे आप लोकतंत्र नहीं कह सकते जिसमें एक अयोग्य हजार योग्य लोगों को पीछे हटाकर पार्टी तंत्र पर अपना एकाधिकार स्थापित करने में सफल हो जाए। हम देखते हैं कि जो व्यक्ति पार्टी तंत्र में इस प्रकार हजारों लोगों को पीछे धकेल कर अपने आप को स्थापित करने में सफल होता है तो वह सत्ता में आने के बाद देश के तंत्र को तानाशाही



पूर्ण ढंग से धकेलने का प्रयास करता है । उसका योग्य लोगों की योग्यता या प्रतिभा को निखारने से कोई मतलब नहीं होता। वह पार्टी तंत्र में "यस मेन" लोगों को प्राथमिकता देता है। ऐसी पार्टी के सांसदों विधायकों को समझाया जाता है कि उन्हें विधान मंडलों में कब मेजें थपथपानी हैं ? कब अपने नेता की बात पर ताली बजानी है ? कब खड़े होकर रोना है ? और कब बैठे-बैठे हंसना है ? इससे आगे पार्टी तंत्र में लोगों की अथवा विधानमंडल के सदस्यों की कोई भूमिका नहीं होती। ऐसे लोगों से आप कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि वह किसी संघर्षशील कर्मठ व्यक्तित्व के धनी होंगे ? और उनके रहते हुए देश का भला हो सकता है। नेताओं की मान्यता होती है कि कुछ देर बाद लोग पीछे की बातों को भूल जाते हैं और फिर वह उनको दोबारा मौका दे देंगे। इसी आशा पर ये लोग जीते हैं और समय आने पर अपने आप को संघर्षशील व्यक्तित्व का धनी सिद्ध कर लोगों का पागल बनाने में सफल हो जाते हैं। इसी प्रतीक्षा में राहुल गांधी बैठे दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में इसी प्रतीक्षा में अखिलेश यादव और मायावती बैठे मौजमस्ती की जिंदगी जी रहे है। अन्य प्रदेशों की भी यही स्थिति है। पार्टी तंत्र पर एकाधिकार स्थापित कर देश के लोकतंत्र पर भी एकाधिकार स्थापित करने में सफल होने वाले इन इन राजनीतिक लोगों के कारण देश का कितना अहित हो रहा है, देश के समझदार लोगों को सोचने की आवश्यकता है ?

## सूडोकु नवताल- 7340

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7339 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# आप का किला बुरी तरह ढहा

**योगेश कुमार गोयल**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़ कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं, और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आप ने 67 सीटें जीती थीं लेकिन 2020 में यह संख्या घट कर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थीं जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। सत्ताइस साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं और अब दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आप पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आप के लिए नाक का सवाल था लेकिन भाजपा ने आप को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। बड़ा सवाल यही है कि आखिर, आप की बड़ी हार के पीछे प्रमुख कारण क्या रहे? दिल्ली में आप ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विकास कार्य की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो लीं ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी की आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति कह कर आलोचना करते हुए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में समस्याओं ने भी जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई जिससे 'आप की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कीं ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा मुखर प्रचार आप के लिए बड़ी चुनौती बना। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक-धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थीं लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन न होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिर कर 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप को ऐसी 'आपदा करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया। इससे भी मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और 'आपदा वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को घेरने में कसर नहीं छोड़ी।

# आज का राशिफल

**मेष राशि–** आज आपके रुके हुए महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आज आप अपन व्यवहार सकारात्मक बनाएं रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार करने की जरूरत हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में परिवारवालों की मदद मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बन रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे। आज कारोबार में उम्मीद से ज्यादा मुनाफा होगा।

**वृष राशि–** आज का दिन व्यापार की गति बढ़ाने वाला साबित होगा। किसी पुराने निवेश से आज आपको फायदा होगा। आज योजन बनने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपने कार्यों को पूरा करने में लगायेंगे। मन लगाकर की गई कोशिशें जल्द ही रंग लाएंगी। अगर किसी से अपने मन की बात करना चाहते हैं तो आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपको किस्मत साथ मिलेगा।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। विद्यार्थी आज कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आज बिन वजह विवादों में फंसने से बचें। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क राशि–** आज का दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। ऑफिस के रुके हुए कार्य निपटाने की कोशिश करेंगे जिनमें आप सफल भी रहेंगे। परिवार से जुड़ा कोई भी फैसला सोच समझकर लें, जल्दबाजी बिलकुल न करें। किसी काम को कल पर टालने से आपको बचना चाहिए। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे।

**सिंह राशि–** आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। किसी से भी बात करते समय वाणी पर संयम बनाएं रखें। अपने करियर को लेकर आज आपके मन में दुविधा होगी, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति से बात करके सॉल्व भी हो जाएगी। आज आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा।

**कन्या राशि–** आज आपका ध्यान ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में लगा रहेगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका आत्मविश्वास आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रशासनिक कार्यों को पूरा करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेन होगा।

**तुला राशि–** आज आपके मन में नए नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आज आप अपने बनाए प्लान में बदलाव करेंगे, जिससे आपको लाभ भी होगा। बिजनेस में भी कुछ नया करने की योजन बनाएंगे। आज आप दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

**वृश्चिक राशि–** आज बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु पक्ष आप पर हावी होने की कोशिश करेगा, लेकिन आप अपनी सूझ-बुझ से उन्हें असफल कर देंगे। नौकरी करने वाले लोगों को तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि–** आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर वालों के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगायेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज माता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। बिजनेस में पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवनशैली में बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे।

**मकर राशि–** आज वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी होगी, जिससे आप आज पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाएं रखें। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**कुंभ राशि–** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपन योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बात होगी। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें, अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए समय समय पर चेकअप कराते रहे। घर में नन्हें मेहमान के आने से परिवार में उत्सव जैसा माहौल बनेगा।

**मीन राशि–** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। संतान की करियर को बेहतर दिशा देने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के काम की सीनियर्स तारीफ करेंगे। आज सोशल मीडिया पर नए लोगों के साथ संपर्क में आएंगे। जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा।

# महाराष्ट्र में गुलियन-बैरी सिंड्रोम के मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। केंद्र व महाराष्ट्र सरकार अलर्ट मोड़ पर

**अशोक भाटिया , मुंबई**

मुंबई शहर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) के कारण पहली मृत्यु की सूचना मिली है। इससे इस बीमारी से मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। वडाला निवासी 53 वर्षीय मृतक की पहचान बी।एन। देसाई अस्पताल में वार्ड बॉय था। उन्हें नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार अंततः उनकी बीमारी से मृत्यु हो गई।कुछ दिन पहले यह खबर सामने आई थी कि मुंबई में एक 64 वर्षीय महिला इस बीमारी से संक्रमित हो गई है। यह मृत्यु इस सिंड्रोम से पीड़ित पहले रोगी के पता चलने के कुछ ही दिनों बाद हुई। इस महिला को दस्त और बुखार था। इसके बाद पक्षाघात हुआ, जो इस रोग का एक प्रमुख लक्षण है।एक रिपोर्ट के अनुसार, अकेले पुणे में गिलियन-बैरे सिंड्रोम के संदिग्ध और पुष्ट मामलों की संख्या 197 तक पहुंच गई है। यह जानकारी पांच और मरीज पाए जाने के बाद सामने आई। महाराष्ट्र में कुल मौतों की संख्या आठ हो गई है। महाराष्ट्र में गुलियन-बैरी सिंड्रोम इसके ज्यादातर मामले पुणे और इसके आस-पास के इलाकों में देखने को मिल रहे हैं। असम में भी इसके कुछ मामले सामने आएं हैं। बता दें कि पहले राज्य के पुणे से ही गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले सामने आ रहे थे। हालांकि, पुणे के बाद अब नागपुर में भी इस बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, दो मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले के सामने आने के बाद नागपुर सहित विदर्भ के सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड पर आ गए हैं। लोगों को डॉक्टर की सलाह बिना दवाई ना लेने की सलाह दी गई है। इससे होने वाली मौतों की वजह से लोगों में इसे लेकर डर का माहौल हैं। AIMS के पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर विजय शर्मा बताते है कि गुलियन -बैरी सिंड्रोम जिसे शॉर्ट में GBS कहते हैं एक रेयर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसके मामले आमतौर पर हर एक लाख लोगों में से एक या दो में देखने को मिलते हैं। इस बीमारी में हमारा इम्यून सिस्टम ही हमारी पेरिफेरल नर्व्स पर हमला कर देता है। दरअसल हमारा शरीर किसी इंफेक्शन से लड़ने के लिए जो एंटीबॉडीज बनाता है वो नसों के ऊपर की कवरिंग जिसे मायलिन शीथ कहते हैं उस पर हमला करने लगते हैं। जिसकी वजह से मांसपेशिया कमजोर हो जाती हैं और हमारे हाथ-पैर ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इस बीमारी को GBS कहते हैं जो एक बहुत रेयर बीमारी है।GBS बीमारी संक्रामक नहीं है लेकिन यह बीमारी जिस कारण से हो रही है वो अगर बढ़ जाए तो GBS के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगेगी। इसलिए यह आउटब्रेक ज्यादातर वॉटर बर्न इंफेक्शन, या गंदे हाथ का इस्तेमाल करने से या गंदे खाने से होता है। अगर इन वजह से आपको कोई इंफेक्शन होता है तो आपकी बॉडी उससे लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाती है। एंटीबॉडी उस इंफेक्शन का तो काम तमाम कर देती है, लेकिन फिर ये एंटीबॉडी हमारे शरीर में जो नर्व्स हैं उनको फॉरेन बॉडी समझ के उनपर भी अटैक करने लगती है। इस बीमारी को GBS कहते हैं। आमतौर पर इस बीमारी में ब्रेन इंवॉल्वमेंट नहीं होता है। यह शुरू होता है पैरों की कमजोरी से और धीरे-धीरे फिर यह ऊपर की ओर बढ़ता है, जिससे हमें हाथों में भी कमजोरी महसूस होने लगती है फिर हमारे सांस लेने के रेस्पिरेटरी मसल्स को भी यह अफेक्ट करने लगता है, जिसकी वजह से मरीज को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है, शरीर के दूसरे अंगों पर भी इसका असर पड़ सकता है। मान लीजिए आपको कैम्पिलोबैक्टर इन्फेक्शन (Campylobacter infection ) या पेट इंटेस्टाइनल इंफेक्शन हुआ और आप उससे ठीक भी होने लगते हैं लेकिन उसके बाद जब एंटीबॉडी आपकी नर्व्स पर हमला करने लगती है, इसकी वजह से सबसे पहले जो GBS के लक्षण नजर आते हैं वो हैं पैरों में कमजोरी, दर्द, खड़े होने में दिक्कत महसूस होना, चलने में दिक्कत होना। डॉ. ने बताया कि इन्फेक्शन होने के हफ्ते दो हफ्ते बाद ही नर्वस सिस्टम के कमजोर होने पर इसके लक्षण नजर आने लगते हैं, क्योंकि सर्दी, खांसी, पेट खराब जैसी बीमारियां तो आमतौर पर होती रहती हैं और ठीक भी हो जाती है। लेकिन जब मरीज को कमजोरी या दर्द होने लगे पैर में और यह कमजोरी हर दिन बढ़ रही हो तो उसे तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। ये कमजोरी नीचे से ऊपर की ओर बढ़ती है। आम तौर पर इसकी शुरुआत पैरों से होती है फिर जांघों में उसके बाद कमर में फिर हाथों में महसूस होने लगती है। धीरे-धीरे सांस लेने में भी मरीज को तकलीफ महसूस होने लगती है क्योंकि इसका असर रेस्पिरेटरी मसल्स पर भी पड़ने लगता है। इस वजह से मरीज को वेंटिलेटर पर रखना पड़ता है। जब मरीज हमसे पैरों में दर्द या झुनझुनी की शिकायत करता है, तो हम देखते हैं कि उसके मसल्स का पावर कैसा है। अगर मसल्स में जितना जोर होना चाहिए वो उतना नहीं है तो हम ये पता करने के लिए कि इस बीमारी में क्या नर्व इवॉल्वड हैं, कुछ टेस्ट करते है जिससे पता चल सके की GBS है या नहीं।हम मरीज के ब्रेन का MRI स्कैन करते है वो नॉर्मल आता है, क्योंकि GBS ब्रेन को अफेक्ट नहीं करता है यह हमारे पेरिफेरल नर्व्स जो हाथ पैर में जा रहे हैं उस पर हमला करता है। इसके बाद फिर स्पाइन का स्कैन किया जाता है। अगर GBS है को नर्व में हमें सूजन या इन्फ्लेमेशन के फीचर्स दिखने लगते हैं जिससे पता चल जाता है। एक और इंपॉर्टेंट इन्वेस्टिगेशन है वो है नर्व कंडक्शन स्टडी (Nerve Conduction Study)। इसमें हम देखते हैं कि मस्तिष्क से जो इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी आ रही है वो कितनी तेजी से हाथों और पैर के निचले हिस्सों में पहुंचती है। अगर उसकी स्पीड कम हो जाती और उसकी वोल्टेज भी कम होता है तो GBS हो सकता है। इसके अलावा हम रीड की हड्डी में जो पानी होता है उसको निकाल भी जांच करते हैं कि GBS है कि नहीं। जैसा कि आपको बताया कि एंटीबॉडीज पेरिफेरल नर्व्स के ऊपर जो कवरिंग होती है उसे अटैक करने लगते हैं, तो वहां अगर हम इन एंटीबॉडीज को टिकने नहीं दे तो यह इसका एक इलाज है। इसके लिए हम लोग इंट्रावीनस इम्यूनोग्लोबुलिन देते हैं, ये नर्व के ऊपर जो कवरिंग के रिसेप्टर्स है उससे ये बना बनाया एंटीबॉडी अटैच हो जाता है, जिससे जो GBS वाली एंटीबॉडी है वो वहां अटैच नहीं हो पाते हैं। इस तरह बीमारी को बढ़ने से रोक लिया जाता है।लेकिन जरूरी है कि ये इलाज जल्दी शुरू किया जाए ताकि ज्यादा फायदा हो सके और इससे हम लोग इस बीमारी की गंभीरता को भी कम कर सकते हैं। यह एक सबसे इंपॉर्टेंट शुरुआती इलाज है इसके अलावा और भी कई इलाज है। एक इलाज है प्लाज्मा फेरेसिस इसमें हम मरीज के खून को निकाल के स्पेशल फिल्टर से गुजारने के बाद फिर पंप बैक कर देते हैं। इस तरह GBS वाले एंटीबॉडीज को हटा लिया जाता है।इसके अलावा इलाज के लिए हम कभी-कभी स्टेरॉयड (Steroids) का भी इस्तेमाल करते हैं। स्टेरॉइड इंफ्लेमेशन को कम करता है जिससे GBS वाले एंटीबॉडी की संख्या कम होने लगती है। GBS के यह तीन मुख्य इलाज हैं जिससे हम बीमारी की गंभीरता को कम कर सकते हैं। इस बीमारी से ठीक होने में हफ्तों से महीने लग सकते हैं।ये डिपेंड करता है कि पेशेंट की बॉडी कितनी जल्दी रिकवर हो रही है या जो माइलिन की परत डैमेज हो चुकी है वह कितने जल्दी ठीक हो रही है।GBS की कोई वैक्सीनेशन नहीं है लेकिन हमारा शरीर इंफेक्शन से लड़ने के लिए जो एंटीबॉडीज बनाता है जो बाद में माइलिन शीथ को डैमेज करने लगती है उन एंटीबॉडीज की संख्या या क्वांटिटी कम करने के लिए हम लोग इम्यूनोग्लोबुलिन का इस्तेमाल करते हैं जो काफी महंगा होता है। लेकिन यह GBS की वैक्सीन नहीं है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) से बचने के उपाय के बारे में डॉक्टर बताते है कि लोगों को घर का बना खाना खाएं बाहर खाने से बचें।उबाल कर या फिल्टर करके पानी पिएं । हाथों को अच्छी तरह धोने के बाद ही खाना खाएं।अगर आपको शरीर में कमजोरी, दर्द या झनझनाहट महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।साफ -सफाई का ख्याल रख के पेट खराब या गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल इंफेक्शन और कॉमन फ्लू वायरस जैसे रेस्पिरेटरी इंफेक्शन से बचने की कोशिश करें। महाराष्ट्र में सरकार जीबीएस को लेकर काफी गंभीर हो गई है। हाल की एक बैठक में मेडिकल एजुकेशन मिनिस्टर हसन मुश्रीफ ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार द्वारा एसओपी तैयार किया गया है। पुणे , नागपुर और सोलापुर में ही जीबीएस के मामले सामने आए हैं। दूषित पानी की वजह से जीबीएस बीमारी फैल रही है। इस बीमारी से निपटने के लिए एक टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है।

# बुमराह, यशस्वी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए , हर्षित राणा और वरुण शामिल

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण बुमराह को अंतिम टीम से बाहर कर दिया है। उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया गया है। बुमराह के अलावा यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया गया है। वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। बुमराह के नहीं खेलने से भारतीय टीम को झटका लगा है पर चयन समिति के पास उन्हें बाहर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। एक रिपोर्ट




के अुनसार बुमराह को लेकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच लंबी बातचीत हुई। इन तीनों ने ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख नितिन पटेल की उस रिपोर्ट पर बात की जिसमें कहा गया कि बुमराह ने अपना रिहैब पूरा कर लिया है और स्कैन रिपोर्ट ठीक लग रही है पर ये अभी नहीं कहा जा सकता है कि वह टूर्नामेंट शुरू होने तक पूरी तरह फिट होकर गेंदबाजी कर पाएंगे या नहीं। ऐसे में चयनकर्ता उनको लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहते थे। बुमराह को पांच सप्ताह के लिए कार्यभार से मुक्त रखने को कहा गया है। एनसीए प्रमुख ने फैसला अगरकर पर छोड़ दिया था क्योंकि कोई भी अनफिट खिलाड़ी को टीम में रखना नहीं चाहेगा। अगर मेडिकल टीम किसी खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर हरी झंडी नहीं देती है, तो चयन समिति भी उसे शामिल करने का जोखित नहीं ले सकती। अगरकर, गंभीर और कप्तान रोहित के बीच अहमदाबाद में हुई बैठक के दौरान इस बात पर विचार किया गया कि क्या वे चैंपियंस ट्रॉफी में अनफिट बुमराह को लेंगे या हर्षित को रखेंगे। बुमराह को रखने में एक खतरा ये था कि अगर वह मैच में चोटिल हो जाते तो और भी नुकसान होगा। इससे पहले साल 2022 में टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक सीरीज के लिए चेतन शर्मा की समिति ने बुमराह को खेलने का अवसर दिया गया था पर उसका परिणाम नुकसानदेह रहा था। चैंपियंस ट्रॉफी, 2025 के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती। ट्रैवलिंग रिजर्वः मोहम्मद सिराज, शिवम दुबे और यशस्वी जयसवाल।

# इस साल आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है दक्षिण अफ्रीका : स्मिथ

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि इसी साल उनकी टीम आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने आज तक कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता है। स्मिथ ने कहा, 'उम्मीद है कि हम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही कोई आईसीसी ट्रॉफी जीत लेंगे। फिर चाहे वह चैम्पियंस ट्रॉफी हो या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके। दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी उतरेगी इसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है। स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान



रहा है। उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरू ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है। वहीं लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। साथ ही कहा कि , 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा। दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम आने वाले समय में इसे ओलंपिक में भी देखेंगे। इसने काफी दर्शक जोड़े हैं। मुझे लगता है कि फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट में अंत में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तीन चार लीग बचेंगी और शायद एक टू टियर सिस्टम। भविष्य में सभी सदस्य देशों को साथ मिलकर एक दूसरे की लीग को मजबूत बनाना होगा।उन्होंने कहा कि शेड्यूलिंग भी अहम है इससे राजस्व का प्रवाह बना रहता है। वहीं अगर ऐसा नहीं होता है तो टेस्ट क्रिकेट में दबाव आ जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश एक दूसरे से ही खेलते रहे और अफ्रीकी या दूसरे देशों से नहीं खेलेंगे तो उनके लिए राजस्व हासिल करना कठिन हो जाएगा क्योंकि टेस्ट क्रिकेट पर अभी पहले से ही काफी दबाव है।

# जब नेहरा ने कोच को घर गिफ्ट किया

**नई दिल्ली।** भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा अपने दौर के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। नेहरा संन्यास के बाद से ही कोच के तौर पर खेल से जुड़े हैं। हाल ही में एक नेहरा को लेकर एक ऐसी बात सामाने आई है जिसे जानने के बाद पता चलता है कि वह कितने बड़े दिलवाले हैं। सोशल मीडिया में इसका एक वीडियो भी आया है, इसमें बताया गया है कि नेहरा ने अपने कोच तारक सिन्हा को बेघर होता देख उन्हें नया मकान खरीदकर दिया था। तारक सिन्हा उनके बचपन के कोच थे। . भारतीय क्रिकेट को आशीष नेहरा, शिखर धवन, आकाश चोपड़ा, ऋषभ पंत, मनोज प्रभाकर और अंजुम चोपड़ा जैसे एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी देने वाले तारक का 2021 में निधन हो गया था। कमेंटेर पदमजीत सेहरावत ने कहा कि आशीष नेहरा ने अपने कोच




का कठिन समय में साथ दिया था। सेहरावत ने कहा कि जब नेहरा को जब पता चला कि कोच तारक सिन्हा को किराए का घर खाली करने का नोटिस मिला है तो उन्होंने 3 दिन में नया घर खरीदकर उनको उपहार में दिया। पदमजीत ने बताया, "एक बार, नेहरा सोननेट क्रिकेट क्लब में ट्रेनिंग ले रहे थे और कोच तारक सिन्हा मैदान पर देर से पहुंचे। नेहरा ने अपने कोच से मजाक में कहा, 'आप अपने छात्रों को कैसे ट्रेनिंग देंगे, जब आप स्वयं ही देर से आते हैं? इसपर कोच ने कहा, 'आप एक भारतीय क्रिकेटर हैं आप एक बंगले में रहते हैं, और मैं किराए के घर में। मेरे मकान मालिक ने नोटिस भेजा है कि हमें दो दिनों के भीतर वह जगह खाली करनी होगी। मैं नया घर ढूंढने गया था, इसलिए देर हो गई।' उस मजाक के बाद अगले दो दिनों तक बारिश के कारण क्लब बंद रहा और तीसरे दिन नेहरा तीन घंटे देर से क्लब पहुंचे और उन्होंने कोच को मकान उपहार में दिया।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में तब अंतिम जोड़ी ने वेस्टइंडीज को जिताया था खिताब

लंदन। 19 फरवरी से शुरु होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तान में खेल जाने वाली इस चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी के इतिहास में एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले गए हैं। इसमें साल 2004 का फाइनल



सबसे यादगार कहा जा सकता है जब वेस्टइंडीज के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से मैच पलट दिया। उस मैच में इंग्लैंड के हाथ आई जीत निकल गयी थी। ये मैच चैम्पियंस ट्रॉफी के इतिहास का अब तक का सबसे रोमांचक मैच माना जाता है। को लंदन के द ओवल इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवरों में 217 रन बनाए थे। इसके बाद 218 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसकी आधी टीम 80 रनों के स्कोर तक पेवेलियन लौट गयी थी। वेस्टइंडीज का स्कोर 8 विकेट पर 147 रन था और वह हार की कगार पर थी पर इसके बाद नौवे नंबर के बल्लेबाज कर्टनी ब्राउन और दसवें नंबर-के इयान ब्रैडशॉ ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 71 रनों की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को जीत दिला दी थी। उस मैच में विकेटकीपर कर्टनी ब्राउन ने 55 गेंदों पर नॉटआउट 35 रन बनाए, जिसमें 2 चौके शामिल रहे. जबकि ब्रैडशॉ 51 गेंदों पर 34 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

# पटना के मोइनुल हक स्टेडियम को विश्व स्तरीय मुकाबले के लिए अत्याधुनिक रुप देगा बीसीए

**पटना।** आने वाले समय में बिहार की राजधानी पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में विश्व कप सहित कई बड़े मैचों का आयोजन होगा। इसका कारण है कि इस स्टेडियम को अब अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके लिए हार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने एक करार भी किया है। बीसीए का लक्ष्य इस इस क्रिकेट स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना है जिससे यहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों की मेजबानी की जा सके। बीसीए स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए सभी जरुरी बदलाव किये जाने के प्रयास कर रहा है। नई परियोजना के तहत विभिन्न दीर्घाओं और स्टैंडों के लिए प्रवेश और निकास आसान बनायी जाएगी। इसके साथ ही 40-50 हजार लोगों के बैठने की भी व्यवस्था होगी। घरेलू और भ्रमणकारी टीमों के लिए आधुनिक ड्रेसिंग रूम, अत्याधुनिक पवेलियन, कॉर्पोरेट बॉक्स, वीआईपी लाउंज, प्रेस बॉक्स, मैच अधिकारियों के लिए विशेष सुविधाएं, आईसीसी और बीसीसीआई के मानकों के अनुरूप स्टेडियम का विकास किया जाएगा। बीसीए प्रबंधन के अनुसार इस स्टेडियम को एक संपूर्ण खेल परिसर के रूप में तैयार किया जाएगा, जहां खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें खिलाड़ियों



के लिए पांच सितारा होटल और हॉस्टल, स्विमिंग पूल, इंडोर क्रिकेट सुविधा, टेनिस, बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट, आधुनिक जिम, स्पा, फिजियो रूम और वीडियो विश्लेषण केंद्र, रेस्टोरेंट, क्लब हाउस, कॉन्फ्रेंस हॉल और सेमिनार रूम के साथ शुद्ध पेयजल और उच्च स्तरीय शौचालय सुविधाएं उपलब्ध होग। इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के प्रयास होंगे।विशेषज्ञों की एक टीम ने भी इसका जायजा लिया है। स्टेडियम के पुनर्निर्माण की सारी प्रक्रिया जल्द पूरी कर तीन साल में स्टेडियम का काम पूरा करने का लक्ष्य है। इसमें निर्माण की अनुमानित लागत 400 करोड़ से 500 करोड़ रुपए है, जबकि परिसर के सालाना रख-रखाव पर प्रति वर्ष 15 करोड़ से 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## व्यापार

# भारत बनेगा सेमीकंडक्टर हब, अमेरिकी कंपनी 10 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। अमेरिकी चिप-मेकिंग टूल्स निर्माता लैम रिसर्च देश में 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। इसकी घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। यह निवेश कर्नाटक में किया जाएगा। राज्य की निवेश एजेंसी इन्वेस्ट कर्नाटक ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस घोषणा की पुष्टि की और बताया कि कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे सेमीकंडक्टर सफर में एक और मील का पत्थर। लैम रिसर्च ने भारत में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के बड़े निवेश की घोषणा की है। लैम रिसर्च सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए जरूरी उपकरण विकसित करने वाली प्रमुख कंपनी है। इसके उत्पाद मुख्य रूप से वैफर प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर डिवाइसेस की वायरिंग में इस्तेमाल किए जाते हैं। इन्वेस्ट कर्नाटक' के एक्स हैंडल से भी इस निवेश को लेकर जानकारी साझा की गई। एक पोस्ट में कहा गया कि इन्वेस्ट कर्नाटक 2025-ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में, लैम रिसर्च



के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेशा वरदराजन ने कर्नाटक में बड़े निवेश की घोषणा की। हमने केआईएडीबी के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत अगले कुछ सालों में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया जाएगा। यह राज्य में नवाचार और विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। भारत में सेमीकंडक्टर कंपनियों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार ने 2021 में 76 हजार करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया था। सालों से इस क्षेत्र में विश्वसनीय निवेश लाने में असफल रहा भारत, 2023 में माइक्रोन को गुजरात में 22,500 करोड़ रुपए की टेस्टिंग और पैकेजिंग यूनिट स्थापित करने के लिए राजी कर लिया था। इसके बाद फरवरी 2024 में 1.3 लाख करोड़ रुपए के तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अब लैम रिसर्च के निवेश से भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। आज सुबह गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स में तेजी के बाद भी बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के कमजोर परिणामों के साथ ही जीडीपी की धीमी वृद्धि से भी बाज़ार पर दबाव आया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से जुड़ी चिंताओं के कारण भी बाजार लगातार गिर रहा है। यह पिछले पांच कारोबारी सत्रों में गिरावट के साथ बंद हुआ है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 100 से ज्यादा अंक नीचे आया। सुबह सेंसेक्स 827.53 अंक या 1.08 फीसदी फिसलकर 75,466 पर कारोबार कर रहा था। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारत में शुद्ध रूप से 4,486 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4,001.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं गत दिवस बाजार में भारी गिरावट रही थी। बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 1,018 अंक करीब 1.32 फीसदी नीचे आकर 76,293.60 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी




310 अंक तकरीबन 1.32 फीसदी नीचे आकर 23,072 पर बंद हुआ। बिकवाली ने बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9.3 लाख करोड़ रुपये नीचे आया। यह अपने हाई से लगभग 70 लाख करोड़ रुपये कम हो चुका है। वहीं दूसरी ओर एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.21 फीसदी, हांगकांग के हैंग सेंग में 0.8 फीसदी और दक्षिण कोरिया के कोस्पी और ऑस्ट्रेलिया के एएसएक्स200 में हल्की बढ़त रही। अमेरिका में एसएंडपी 500 में 0.03 फीसदी, नैस्डैक कंपोजिट में 0.36 फीसदी की गिरावट और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.28 फीसदी की बढ़त रही। आज अशोक लीलैंड, बजाज कंज्यूमर केयर, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स, ईसीओएस मोबिलिटी, ग्लोबस स्पिरिट्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, जुबिलेंट फूडवर्क्स, मुथूट फाइनेंस और सीमेंस के तिमाही परिणामों पर बाजार की नजरें रहेंगी।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1PM मोदी-इमैनुएल मैक्रों मार्से पहुंचेः थर्मोन्यूक्लियर प्रोजेक्ट का दौरा करेंगे,सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे;भारत में होगा अगला AI समिट,थोड़ी देर में अमेरिका रवाना होंगे पीएम मोदी
2 भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा,3 पायदान गिरकर 96वीं रैंक पर पहुंचा,180 देशों की लिस्ट में चीन 76 और पाकिस्तान 135वें नंबर पर
3 महाकंभ में माघी पूर्णिमा के अवसर पर संगम पर उमड़ा जनसैलाब,2 करोड़ों श्रद्धालु लगा चूके आस्था की डुबकी
4 सुप्रीम कोर्ट बोलाःEVM से डेटा डिलीट नहीं करे चुनाव आयोग,कहाःहारा उम्मीदवार स्पष्टीकरण चाहे तो इंजीनियर को बताना होगा छेड़छाड़ नहीं हुई
5 LoC के पास IED ब्लास्ट,2 जवान शहीद,एक घायल,सेना की गश्त के दौरान धमाका; इलाके की घेराबंदी,सर्च ऑपरेशन जारी
6 GST रेट्स में जल्द हो सकती है कटौती, राज्यसभा में बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण!
7 लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है
8 बजट पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब पर विपक्षी सांसदों ने असंतोष जताया, प्रियंका गांधी ने कहा कि वित्त मंत्री पता नहीं किस ग्रह में रह रही हैं,वह कह रही हैं कि महंगाई नहीं बढ़ी है
9 देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है ब्रह्मपुत्र पर चीन का डैम,संसद में मोदी सरकार को गौरव गोगोई ने दी चेतावनी
10 दिल्ली चुनाव में जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है,ऐसे में जेपी नड्डा से मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है, उधर,उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भी कई नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने मुलाकात की है
11 शरद पवार और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधियां ने एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया,एकनाथ शिंदे ने कहा कि शरद पवार गुगली गेंदें भी फेंकते हैं,जिन्हें समझना मुश्किल होता है,उनके साथ मेरे अच्छे संबंध हैं,लेकिन उन्होंने मुझे कभी गुगली नहीं फेंकी,मुझे भरोसा है कि वे भविष्य में भी मुझ पर गुगली नहीं फेंकेंगे
12 पंजाब के AAP विधायकों को केजरीवाल के 3 मंत्र, कहाःलोगों से जुड़ो,मुद्दे पहचानो,डटकर लड़ो; दिल्ली में हार के बाद बैठक बुलाई थी
13 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी ममता, संजय राउत बोलेः तृणमूल कांग्रेस INDIA ब्लॉक का हिस्सा,कांग्रेस से बातचीत करनी चाहिए
14 हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकती कांग्रेस, दिल्ली चुनाव में केजरीवाल की हार पर ममता बनर्जी का बड़ा बयान
15 ठंडे पानी से नहाऊंगा,रोटी खाऊंगा फिर लिखूंगा जवाब; भाजपा के नोटिस पर अनिल विज ने भी दिखाए तेवर
16 मुकेश अंबानी ने परिवार के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाई,करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया, प्रयागराज में जाम के हालात
17 जबलपुर में सड़क हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत;सभी श्रद्धालु आंध्र प्रदेश के,महाकुंभ से लौट रहे थे
18 यूपीःमहाकुंभ स्नान के लिए 1200 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करेगा परिवहन निगम,तीन हजार बसें पहले ही सेवा में
19 राजस्थान में भीलवाड़ा प्राचीन माता मंदिर से 60 लाख के गहने और 4 लाख कैश चोरी,लावारिस हालत में टूटी मिली दानपेटी
20 IRCTC का मुनाफा 14% बढ़कर 341 करोड़,तीसरी तिमाही में रेवेन्यू 10% बढ़ा,एक साल में 17% गिरा शेयर
21 भारत और इंग्लैंड टीम के बीच इन दिनों 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है,पहले दो वनडे जीतकर भारतीय टीम सीरीज पर कब्जा जमा चुकी है,सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा
22 राहुल गांधी लखनऊ कोर्ट में तलब,सेना पर की थी विवादित टिप्पणी,24 मार्च को होगी सुनवाई
23 अमेरिका में वजन घटाने की लोकप्रिय दवा खाने से अंधे हो रहे लोग,डॉक्टरों ने जारी की चेतावनी
24 महाकुंभ में महाचमत्कार,15 साल बाद लौटी याददाश्त, परिवार में खुशी की लहर
25 मीटिंग बुलाई थी, मौत आ गई;100 KM पैदल चलकर जवानों ने ढेर किए 31 नक्सली
26 महाकुंभःएयर एंबुलेंस,सर्जरी की सुविधा,2000 से अधिक मेडिकल स्टाफ,आज माघ पूर्णिमा स्नान की तैयार
27 आतंकियों को सिम कार्ड देने वालों की खैर नहीं,अब तक 30 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी
28 मोदी को हटाना चाहता था अमेरिका, दुनियाभर में दखल देता है USAID:पूर्व अधिकारी;बुरा फंसा समय रैना का इंडियाज गॉट लैटेंट,सभी होस्ट और गेस्ट के खिलाफ केस दर्ज
29 हमास को नेतन्याहू का अल्टीमेटम,बंधकों की रिहाई शनिवार तक नहीं हुई तो समझो युद्धविराम समाप्त
30 Jammu IED Blast:अखनूर सेक्टर में IED धमाका,दो जवान शहीद,सर्च ऑपरेशन जारी
31 अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने चीन पर साधा निशाना,तो PM मोदी के हुए कायल
32 भ्रष्टाचार में भारत 96वें स्थान पर,तो पाकिस्तान 135वें पायदान पर;जारी हुई भ्रष्ट देशों की सूची
33 पाकिस्तान में नहीं रुक रहा हिंदुओं पर अत्याचार,बलूचिस्तान में दो लोगों की गोली मारकर हत्या
34 अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की बढ़ेंगी मुश्किलें? CAG रिपोर्ट में रडार पर 6 विभाग
35 अहमदाबाद में पत्नी पीड़ित पतियों की रैलीःआईटी प्रोफेशनल्स से लेकर सेना के जवानों ने बताई अपनी दुख भरी दास्तां,जुड़े 76 हजार पुरुष
36 लॉटरी डिस्ट्रीब्यूटर्स केंद्र को सर्विस-टैक्स देने के लिए जिम्मेदार नहीं,SC बोलाःइसके लिए कोई एजेंसी नहीं इसलिए टैक्स की जिम्मेदारी भी नहीं
37 फ्रांसःप्रधानमंत्री मोदी की एस्टोनियाई राष्ट्रपति से मुलाकात, साइबर सुरक्षा सहयोग पर हुई चर्चा
38 भारत को बड़ा झटका,चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए बुमराह,हर्षित राणा को मौका
39 प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने छोड़ा TMC का साथ,कांग्रेस में हुए शामिल
40 हैदराबाद के हनुमान मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने फेंके मांस के टुकड़े,तनाव के बाद पुलिस तैनात



# अदिवी शेष की पैन-इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 से जुड़ीं वामिका गब्बी

## पहली झलक आई सामने

विनय कुमार सिरिगिनीदी द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित स्पाई थ्रिलर जी2, डायनामिक अदिवी शेष के साथ एक सिनेमेटिक ट्रीट बनने का वादा करती है, जो स्पाई थ्रिलर का नेतृत्व करती है. इस महत्वकांक्षी पैन इंडिया एक्शन फ्रैंचाइज में उनके साथ इमरान हाशमी के साथ वामिका गब्बी भी शामिल हैं. मेकर्स द्वारा वामिका की विशेषता वाला एक नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें उन्हें अदिवी शेष के साथ एक शक्तिशाली और रहस्यमय पोज में दिखाया गया है और इस प्रभावशाली स्टारकास्ट के साथ, जी2 एक ट्रू पैन इंडिया स्पेक्टेकल बनने जा रहा है. पोस्टर में फैंस के लिए आने वाली गहन और मनोरंजक कहानी का संकेत दिया गया है, जिसमें वामिका रहस्यमयी अदिवी शेष के




विपरीत मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जो इस फ्रैंचाइज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी. उनका किरदार स्पाई थ्रिलर में एक नया, डायनामिक लेयर जोड़ने का वादा करता है. स्टाइलिश स्पाई के रूप में अपनी भूमिका को दोहराने वाले अदिवी शेष और वामिका गब्बी और इमरान हाशमी के साथ मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं. साथ में, वे एक्शन, सस्पेंस और रोमांचक ड्रामा से भरपूर सिनेमाई अनुभव का वादा करते हैं. टी जी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल द्वारा निर्मित, पीपल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स - और एके एंटरटेनमेंट्स के तहत, जी2 एक पैन इंडियन असाधारण फिल्म बनने के लिए तैयार है, जो तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी. पावरहाउस कास्ट और स्पाई थ्रिलर जॉनर को फिर से परिभाषित करने वाली कहानी के साथ, फैंस जी2 के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

# इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं रश्मि देसाई



अभिनेत्री रश्मि देसाई कई सफल टीवी शो में काम कर चुकी हैं। हालांकि, कुछ निर्देशकों के साथ वह काम नहीं कर पाई हैं। उन्होंने अपनी ख्वाहिश का इजहार किया और बताया कि कौन-कौन से निर्देशकों के साथ वह काम करना चाहती हैं। रश्मि देसाई ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कहूंगी। मैं इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे इस जीवन में उनके साथ काम करने का अवसर जरूर मिलेगा। जिस तरह से वे लोगों को जीवन के प्रति एक नया नजरिया देते हैं, वह बहुत खूबसूरत है। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड, टीवी कलाकारों को टाइपकास्ट करता है। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, वे करते हैं, कठिनाई जीवन का एक हिस्सा है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं, जब आप अच्छा काम करते हैं, तो आपको अपने परिश्रम का फल जरूर मिलता है। आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे आपको टीवी एक्टर, ओटीटी एक्टर, फिल्म एक्टर बनाते हैं, लेकिन मुझे लगता है, एक एक्टर एक एक्टर है। रश्मि देसाई आखिरी बार व्यंग्य एक्शन कॉमेडी 'हिसाब बराबर में नजर आई थीं। फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन भी अश्विनी धीर ने ही किया। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो ने एसपी सिनेकॉर्प के सहयोग से किया है। रश्मि देसाई के साथ इस प्रोजेक्ट में आर. माधवन मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही फिल्म में नील नितिन मुकेश, कीर्ति कुल्हारी और फैजल राशिद समेत अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी एक रेलवे टिकट परीक्षक राधे मोहन शर्मा पर आधारित है, जो अपने बैंक खाते में एक छोटी सी गड़बड़ी को नोटिस करता है। इस मुद्दे को सुलझाने के अपने प्रयास के दौरान वह एक बैंकर मिकी मेहता से जुड़े एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश करता है। 'हिसाब बराबर का प्रीमियर 26 नवंबर 2024 को गोवा में भारत के 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। फिल्म को 24 जनवरी 2025 को जी5 पर रिलीज किया गया था।




# वेलेंटाइन प्री-वीकेंड में टॉप्स में सनम तेरी कसम, लवयापा-बदमाश रविकुमार को धूल चटाने के बाद ये जवानी है दीवानी को दी मात

9 साल पुरानी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम ने अपनी री-रिलीज पर पहले वीकेंड में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया है और यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड की फिल्मों में से एक बन गई है. हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की यह रोमांटिक फिल्म वेलेंटाइन प्री-वीकेंड में सबसे ऊपर है. यह इस वीक बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई नई फिल्में लवयापा और बदमाश रविकुमार को भी कड़ी टक्कर दे रही है. वहीं, टिकट बुकिंग के मामले में इसने रणबीर कपूर-दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी को भी पीछे छोड़ दिया है. हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन स्टारर सनम तेरी कसम ने अपने शुरुआती दौर में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी. इसने मूल रूप से बॉक्स ऑफिस पर मात्र 9 करोड़ रुपये की लाइफटाइम कमाई की थी. लेकिन जब 7 फरवरी को फिल्म को फिर से रिलीज किया गया. इसने अपनी कमाई का पूरा फायदा उठाया, जबकि इस फिल्म का बिल्कुल भी प्रमोशन नहीं हुआ था. सनम तेरी कसम ने अपने पहले दिन ही इतिहास रच दिया. मेकर्स के मुताबिक, ओपनिंग डे पर 5.14 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की, जो किसी भी दोबारा रिलीज होने वाली फिल्म के लिए अब तक का सबसे अच्छा ओपनिंग डे है. इसके बाद शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. इसने री-रिलीज के दूसरे दिन 6.22 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. सैकनिल्क के मुताबिक, रविवार को विनय सप्रू और राधिका राव की निर्देशित फिल्म की कमाई में फिर से उछाल देखा गया. प्री-वेलेंटाइन वीकेंड होने के कारण फिल्म को इसका फायदा मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर तीसरे लगभग 6 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. तीन दिनों के बाद सनम तेरी कसम री-रिलीज का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन लगभग 17.36 करोड़ रुपये हो गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, सनम तेरी कसम की री-रिलीज के पहले शनिवार को बुकमायशो पर 157 हजार बुकिंग हुई. यह अन्य फिल्मों की तुलना में दूसरी सबसे ज्यादा टिकट सेल है. बुक माय शो पर 299 हजार बुकिंग के साथ अक्षय कुमार की स्काई फोर्स पहले स्थान पर है. तीसरे स्थान पर 100 हजार बुकिंग के साथ देवा है, जबकि रणबीर कपूर की ये जवानी है दीवानी री-रिलीज 98 हजार बुकिंग के साथ चौथे स्थान पर है. सनम तेरी कसम इस वीकेंड में दो नई रिलीज के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर छाई है. दर्शकों को यह फिल्म बहुत पसंद आ रही और एक पुरानी फिल्म के लिए हाउसफुल बोर्ड देखकर लोग ट्रेड हैरान भी हैं. इस वीकेंड पर बदमाश रवि कुमार, लवयापा और इंटरस्टेलर के बीच जबरदस्त टकराव के लिए ट्रेड तैयार था, लेकिन सनम तेरी कसम एक सरप्राइज पैकेज के रूप में उभरी और सभी लाइमलाइट बटोर ले गई. यह री-रिलीज बॉक्स ऑफिस पर तीनों फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रही हैं. आने वाले दिनों में यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर सकती है. दर्शकों की पसंद को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वेलेंटाइन डे वीक में इस फिल्म को काफी फायदा मिलन सकता है.




# विदामुयार्ची 2025 के टॉप 5 हाईएस्ट ग्रॉसर में शामिल, पहले वीकेंड में इन देशों में की ताबड़तोड़ कमाई

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की हालिया फिल्म विदामुयार्ची बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रन कर रही हैं. फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 100 का आंकड़ा पार कर ली है. वही, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. सैकनिल्क रिपोर्ट के मुताबिक, अजित कुमार, तृषा कृष्णन की नई फिल्म विदामुयार्ची 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. फिल्म ने पहले दिन भारत में 26 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की. वहीं नार्थ अमेरिका में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बनकर उभरी. मगिज थिरुमेनी की निर्देशित फिल्म ने दूसरे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. तीसरे दिन फिल्म ने 13.5 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि चौथे दिन फिल्म के कलेक्शन में 11.70 प्रतिशत की गिरावट हुई और फिल्म ने 11.92 करोड़ रुपये ही कमा पाई. इन 4 दिनों के बाद विदामुयार्ची का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 61.67 करोड़ रुपये हो गया है. एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री ट्रैकर रमेश बाला ने विदामुयार्ची का वीकेंड कलेक्शन साझा किया है. रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूजीलैंड में विदामुयार्ची पहले ही वीकेंड में एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसने न्यूजीलैंड में पहले वीकेंड में लगभग 21 लाख रुपये कमाए हैं. साथ सऊदी अरब में विदामुयार्ची एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.

# 44 की उम्र में कटआउट ड्रेस पहन श्वेता तिवारी ने सोशल मीडिया पर बरपाया कहर





बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस 44 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की नजरें उनपर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल हे में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर का स्टाइलिश कटआउट बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। बालों का हाई बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं। श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# नागा चैतन्य-साई पल्लवी की लव स्टोरी ने दुनियाभर में मचाई तबाही, थंडेल की तीसरे दिन की कमाई ने तोड़ा रिकॉर्ड




नागा चैतन्य और साई पल्लवी की स्टारर थंडेल 7 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई, इसे हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज किया गया. फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है वहीं यह घरेलू कलेक्शन के साथ ही दुनियाभर में जबरदस्त कमाई कर रही है. थंडेल में नागा मछुआरे के ग्रुप के लीडर होते हैं और मछली पकड़ने के दौरान कुछ मछुआरों के साथ वे पाकिस्तान के जलक्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं. अपने 3 महीने की छुट्टी में वे ज्यादातर टाइम उनकी गर्लफ्रेंड साई पल्लवी के साथ बिताते हैं. फिल्म की कहानी प्यार, बदला, साहस, देशभक्ति की भावना से भरपूर है और इस अनोखी लव स्टोरी को दुनियाभर के दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं. थंडेल के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है. बता दें थंडेल ने दुनियाभर में तीन दिन में 62.37 करोड़ का कलेक्शन किया है जो कि शानदार है. अजित कुमार की विदामूयार्ची से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद फिल्म ने बेहतर प्रदर्शन किया है. इसके साथ ही थंडेल नागा चैतन्य की सबसे तेज 60 करोड़ कमाने वाली फिल्म भी बन गई है. थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और 11.5 करोड़ के साथ जबरदस्त ओपनिंग की. फिल्म ने पहले दिन तेलुगु में सबसे ज्यादा 11.3 करोड़, हिंदी में 0.12 करोड़ और तमिल में 0.08 करोड़ की कमाई की. दूसरे दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 12.1 करोड़ कमाए. वहीं तीसरे दिन की कमाई की बात करों तो फिल्म ने 5.22त्न ग्रोथ के साथ 12.25 करोड़ की कमाई की. तरह फिल्म का तीन दिनों का टोटल घरेलू कलेक्शन 35.85 करोड़ रहा. साई पल्लवी और नागा चैतन्य ने इससे पहले 2021 में लव स्टोरी में कोलेब किया था. साई और नागा के अलावा फिल्म में प्रकाश बेलावाड़ी, दिव्या पिल्लई, राव रमेश, करुणाकरण, बबलू पृथ्वीराज और किशोर राजू वशिष्ठ जैसे कलाकारों ने खास रोल प्ले किया है.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।